हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 10 सितंबर , 2025

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री



12 रघु पति राघव राजा राम ... भजन के साथ हड़ताली एनएचएम कर्मियों का शीतला तालाब में जल सत्याग्रह



# स्कूल शुरू हुए तीन महीने गुजरे, 10 सेजस विद्यालयों में एक भी शिक्षक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले के स्वामी आत्मानंद सरकारी इंग्लिश मीडियम व हिन्दी माध्यम स्कूलों में पढाई ठप सी हो गई है। दस सेजस विद्यालयों में पढ़ाने के लिए व्याख्याता नहीं है। इसलिए पढ़ाई ही शुरू नहीं हो पाई है। हैरत की बात यह है कि स्कूल खुले हुए पूरे तीन महीने बीत चुके हैं। उसके बावजूद भी शिक्षकों की भर्ती नहीं की जा सकी। नतीजा तिमाही परीक्षा का शेड्यूल ही इन विद्यालयों का नहीं बन पाया है। सेजस स्कूलों के लिए जिले में 329 व्याख्याता, प्राचार्य, सहायक शिक्षक, कंप्यूटर टीचर आदि के पद खाली हैं।

हर विषय के व्याख्याता नहीं इसलिए पढ़ाई भी नहीं हो पाई शुरू



### इन दस सेजस स्कूलों में टीचर नहीं

#### अंडा में भौतिक, रसायन की नहीं हो रही पढ़ाई

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल अंडा में हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी के व्याख्याता नहीं हैं। सामाजिक अध्ययन, भौतिक और रसायन जैसे विषय की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। इसलिए कि इन विषयों को पढ़ाने वाले व्याख्याता की जरूरत है। कंप्यूटर आपरेटर और प्रयोगशाला सहायक के पद भी खाली हैं।

#### हिन्दी, संस्कृत विषय में पढ़ाने वाले व्याख्याता नहीं

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जेपी नगर कैंप 2 में हिंदी, संस्कृत विषय पढ़ाने वाले व्याख्याता नहीं हैं। अंग्रेजी और गणित की पढ़ाई भी यहां नहीं हो पा रही इसलिए कि इस विषय के शिक्षक नहीं हैं। जीवविज्ञान, सामाजिक अध्ययन, गणित, भौतिक, रसायन और वाणिज्य जैसे विषयों के व्याख्याता की जरूरत है।

#### कातरो और जेपी नगर में प्राचार्य तक नहीं

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल कातरो और स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जेपी नगर कैंप दो और अंजोरा ख में प्राचार्य तक नहीं है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि बिना प्राचार्य के स्कूल का मैनेजमेंट किस तरह से होगा। प्राचार्य के अलावा अन्य गणित, कामर्स विषय के व्याख्याताओं के पद खाली है।

**(नोट- इन स्कूलों के अलावा स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल तिरगा, कातरो, पाउवारा, कुगदा, पुरैना, सेक्टर 9 हॉस्पिटल भिलाई, बोरसी दुर्ग में भी व्याख्याता के पद रिक्त हैं। लगभग हर सब्जेक्ट के व्याख्याताओं की जरूरत है। )**

#### 19 सितंबर तक भर्ती आवेदन मंगवाएं

स्वामी आत्मानंद स्कूलों में रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। 19 सितंबर तक व्याख्याता, प्राचार्य, कंप्यूटर टीचर, प्रयोगशाला सहायक आदि पदों पर संविदा भर्ती के लिए आवेदन मंगवाए गए हैं। सेजस स्कूलों में तिमाही परीक्षा बाद में आयोजित की जाएगी।

- अरविंद कुमार मिश्रा
डीईओ

**फैक्ट फाइल**

जिले में सेजस विद्यालयों में शिक्षकों व स्टॉफ की कमी

| | |
|---|---|
| स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल | 238 |
| स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल | 91 |

#### 81 सेजस स्कूलों में टली तिमाही परीक्षा

**पहली वजह-** दुर्ग जिले में 81 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम और हिन्दी माध्यम स्कूल संचालित हो रहे हैं। इन स्कूलों में 27460 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इन विद्यार्थियों की तिमाही परीक्षा जिला शिक्षा विभाग ने टाल दी है। इसलिए कि इन स्कूलों में टीचर नहीं होने की वजह से प्रमुख विषयों की पढ़ाई ही प्रभावित हो गई है।

**दूसरी वजह-** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम व हिन्दी माध्यम स्कूलों में 161652 पुस्तकों की जरूरत है। राज्य से छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा संकुलों में निःशुल्क पुस्तकें पहुंचाई जा रही है। अब तक पूरे विद्यार्थियों को कई विषयों की किताबें नहीं मिल पाई है। जिसकी वजह से विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

### तीन आरोपी पुलिस गिरफ्त में, नेवई पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना

## जन्मदिन पार्टी में किक मारने की रस्म पर विवाद, ईंट से एक युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जन्म दिन की पार्टी में पिछवाड़े पर किक मारने को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि युवक के सिर पर ईंट पत्थर पटकर मौत के घाट उतार दिया गया। घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने वाले दो नाबालिग और दो युवक शामिल हैं। पुलिस ने तीन को पकड़ लिया है। वहीं चौथा आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है। नेवई पुलिस ने बताया कि स्टेशन मरोदा निवासी रोशन कुमार उर्फ बेंद्रा सोमवार की रात दोस्तों के साथ जन्म दिन की पार्टी मनाने स्टेशन मरोदा के सरकारी स्कूल में गया था। जहां उसका परिचय वाला नकुल जायसवाल का जन्म दिन मनाया जा रहा था। पार्टी में 12 युवक सभी पार्टी का एंजाय कर भोजन एक साथ किया। पार्टी में दोस्तों को किक मारने का रस्म शुरू की। तभी रोशन और उसके साथी नकुल के साथ मस्ती कर रहे थे। पार्टी में आकाश की विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आकाश रात 11.46 बजे



नाबालिग दोस्तों ने मिलकर रोशन को पकड़ कर जमीन पर गिरा दिया। उसके बाद आरोपियों ने रोशन पर पत्थर और ईंट से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना में रोशन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की रात जुआ, शराब, लड़ाई-झगड़े आम हो गए हैं। लोग स्कूल प्रबंधन पर भी सवाल उठा रहे हैं।

#### हत्या में पांच आरोपी शामिल पुलिस कर रही जांच

पुलिस ने 2 नाबालिग समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी अब भी फरार है। मृतक रात 10 बजे घर से निकला था। उसके बाद दोबारा घर नहीं लौटा है। परिजनों को घटना की जानकारी लगने पर रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की एक बहन भी है। भाई की हत्या की खबर सुनकर रोना रुक नहीं रहा है। परिवार का प्राइवेट काम है।

#### स्कूल कैंपस में चल रही थी बर्थ-डे पार्टी

नेवई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। चार आरोपियों को अब तक गिरफ्तार कर चूकी है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक देर रात सरकारी स्कूल परिसर में शराब और पार्टी होती है। पुलिस लगातार कार्रवाई भी करती आई है। स्कूल का कैंपस में अक्सर असामाजिक तत्वों ने अड्डा बना लिया है। बाउंड्रीवॉल छोटी होने की वजह से शरारती तत्व कैंपस के भीतर घुस जाते हैं।

#### दोपहर एक घंटे और रात को फिर झमाझम बारिश



**भिलाई।** मंगलवार को दोपहर एक बजे एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई। उसके बाद पूरे दिन धूप खिली रही। रात करीब आठ बजे अचानक आसमान पर बादल छाए और झमाझम बारिश हुई। लोगों को यह अंदाजा ही नहीं था कि इतनी भारी बारिश होगी। लोग जहां-तहां खड़े होकर बारिश बंद होने का इंतजार करते रहे। बारिश के साथ बिजली भी जमकर कड़की और बादल भी गरजे। इधर मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इसी तरह बारिश बुधवार और गुरुवार को भी हो सकती है। लगातार बारिश होने की वजह से दुर्ग जिले में बारिश की स्थिति भी अच्छी हो चुकी है।

## ट्रैफिक पुलिस हेलमेट को लेकर हुई सख्त, चालानी कार्रवाई तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सेंट्रल एवेन्यू रोड पर अब दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। सेक्टर-1 मुर्गा चौक से सेक्टर-9 चौक तक पूरे मार्ग को ग्रे स्पॉट क्षेत्र घोषित कर यातायात पुलिस ने इस विशेष कार्यवाही की शुरुआत की है। इस क्षेत्र में लगातार सड़क हादसे, रैश ड्राइविंग, मॉडिफाइड साइलेंसर से ध्वनि प्रदूषण, प्रेशर हॉर्न और तीन सवारी जैसे गंभीर मामले सामने आ रहे थे। दुर्ग जिले में हेलमेट पहनना अनिवार्य है। बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों पर सख्ती बरती जा रही है। इसी के तहत भिलाई के सेंट्रल ऐवन्यू में ट्रैफिक पुलिस ने विशेष कार्यवाही करते हुए बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की। यह कार्रवाई सेक्टर-1 मुर्गा चौक से सेक्टर-9 चौक तक पूरे मार्ग को ग्रे स्पॉट क्षेत्र घोषित कर यातायात पुलिस ने विशेष कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस ने रेल चौक सेक्टर-6, मुर्गा चौक सेक्टर-1, डीपीएस चौक और सेक्टर-8 चौक पर हेलमेट चेकिंग



अभियान शुरू किया है। अभियान के दौरान बिना हेलमेट पाए जाने पर चालकों पर सख्त चालानी कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस ने साफ कहा है कि यह कार्रवाई सतत चलेगी और आने वाले दिनों में इसे और प्रभावी बनाया जाएगा।

#### पेट्रोल पर भी पाबंदी

दुर्ग जिले में पेट्रोल पंप पर भी बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले दुपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल देने पर कलेक्टर द्वारा पाबंदी लगाई जा चुकी है। नो हेलमेट झ नो पेट्रोल नीति लागू कर दी गई है।

## फसल का होगा डिजिटल सर्वे 15 तक जमा करनी होगी रिपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में प्राकृतिक आपदा की वजह से हुए नुकसान को लेकर फसल का डिजिटल सर्वे होगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में डिजिटल फसल सर्वेक्षण की प्रगति की समीक्षा के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियुक्त सर्वेक्षणकर्ताओं की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाएं और यह सुनिश्चित करें कि 15 सितंबर तक यह कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो जाए।

कलेक्टर ने कहा कि सर्वेक्षणकर्ताओं द्वारा की गई प्रविष्टियों का सत्यापन पटवारियों द्वारा अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। इस कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि यदि पटवारियों द्वारा समय पर सत्यापन नहीं किया जाता है, तो संबंधित पटवारियों को नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जहां पर सर्वेक्षण की गति धीमी है वहां अतिरिक्त सर्वेक्षणकर्ता नियुक्त किए जाएं, ताकि कार्य समयसीमा के भीतर पूरा किया जा सके। प्रतिदिन सर्वेक्षण कार्य की मॉनिटरिंग करें। सर्वेक्षण की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता बनाए रखें। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जिन गांवों में सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां नियुक्त सर्वेक्षणकर्ताओं को अन्य गांवों में भेजा जाए, ताकि डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सके। बैठक में अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंग, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, संयुक्त कलेक्टर सिल्ली थॉमस, एसडीएम महेश राजपूत, हितेष पिस्दा, सोनाल डेविड सहित अन्य मौजूद थे।

## मंदिर में चोरी करने वाले दो युवक पकड़ाए




हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मंदिर में चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दो युवक जेल तिराहा देवांगन होटल के पास चोरी करने की बात कर रहे थे। सूचना पर पदमनाभपुर पुलिस मौके पर पहुंची जिसमें कादम्बरी नगर थाना मोहन नगर निवासी आदर्श द्विवेदी और पवन साहू को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर दो मंदिर राधा कृष्ण हनुमान मंदिर कसारीडीह में 3500 रूपये और बोरसी हाट बाजार स्थित शनिदेव मंदिर से दान पेटी मे 3 हजार रूपये, राम जानकी मंदिर कोहका चौक की दान पेटी से 10 हजार, तीन दर्शन मंदिर कोहका चौक के दान पेटी से 6 हजार रुपए , हनुमान मंदिर कोहका चौक चिल्हर पैसे, शिव मंदिर भेलवा चौक नेहरू नगर से चिल्हर चोरी करना स्वीकार किया। घटना में उपयोग किए गए बाइक व लोहे के राड को भी जब्त किया है। कार्रवाई में प्रभारी राज कुमार लहरे की टीम का योगदान रहा है।

## मासूम के साथ अनाचार विवाहित युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मासूम बच्ची को चाकलेट का झांसा लेकर अपने साथ एक विवाहित अपने साथ ले जाकर अनाचार करने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा पाक्सों, 65 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि 5 सितंबर को अपने घर के पास 6 साल की माकूम बच्चीं खेल रही थी। इस दौरान विवाहित ने अपने साथ चाकलेट खिलाने का झांसा दिखाकर उसे अपने साथ लेकर गया। इधर परिजन मासूम की खोजबीन में लगे रहे। देर तक नहीं मिलने पर परेशान परिजन शिकायत करने पुलिस थाने पहुंचे थे। पुलिस को खबर लगने पर खोजबीन तेज कर दी गई। लेकिन घटना की देर रात 8 बजे मासूम को अपने साथ आरोपी की पत्नी उसे लेकर परिजनों के यहां पहुंच गई। आरोपी की पत्नी परिजनों को खेलते बच्चीं को मिलना बताकर वापस अपने घर लौट गई। परिजनों को संदेह होने पर महिला से पूछताछ करने पर माफ करने की बात कर मामले को यहीं दबाने की हिदायत दिया। परिजनों ने तुरंत पुलिस को घटना के बारे में अवगत कराया। उसके बाद कोतवाली दुर्ग पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी विवाहित को गिरफ्तार कर उसे भेज दिया है।

- **चाकलेट के नाम लेकर गया था, परिवार वाले खोजते रहे**

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
निःशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर
हम आपको सुनने में मदद करने के लिए यहां हैं
दिनांक : 10 सितम्बर से 14 सितम्बर
समय : प्रातः 10:30 बजे से शाम 7:30 बजे तक
रविवार : प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक




▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट
▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
▶ स्पीच थेरेपी
Google Rating ★★★★★ PHILIPS Authorized dealer
9659 455 455
Google Play App Store

**बैरन बाजार (रायपुर)** विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)
**कचहरी चौक (रायपुर)** शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)
**शंकर नगर (रायपुर)** प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)
**भिलाई** शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)
**बिलासपुर** शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)
**धमतरी** डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)
**अंबिकापुर** मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)
**कोरबा** मकान संख्या 52 ए, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी, कोरबा (495677)
**जगदलपुर** बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, धरमपुरा, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ (494001)
**सारंगढ़** डॉ अनूप अग्रवाल,माँ दुर्गा क्लिनिक,अग्रसेन चौक, पोस्ट ऑफिस के पास, दुर्गा लॉज के नीचे, (496445)
**श्रीनगर, (रायपुर)** डॉ ओ पी लेखवानी,शुभम् हॉस्पिटल,संध्या पेट्रोल पम्प के पास , गुढ़ियारी रोड , श्रीनगर, रायपुर (492009)
छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड
Khanna

# मुफ्त बिजली के प्रचार-प्रसार के लिए निकला सूर्य रथ, लगेंगे 15 हजार रूफटाफ

**स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने दिखाई हरी झंडी, दुर्ग के 89, बालोद के 10 और बेमेतरा के 11 उपभोक्ताओं की सब्सिडी ट्रांसफर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

खास खबर

पीएम मुफ्त सूर्यघर बिजली योजना के प्रचार-प्रसार के लिए बिजली कंपनी ने रथ रवाना किया। मंगलवार को स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने अपने विद्युत नगर स्थित आवास से हरीझंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। रथ योजना का प्रचार-प्रसार करेगा।

योजना के फायदों से लोगों को अवगत कराएगा। हर दिन यह रथ सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक अलग-अलग क्षेत्रों तक पहुंचेगा। बता दें कि पूरे देश में योजना के अंतर्गत 1 करोड़ रूफटाफ सोलर प्लांट स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। छत्तीसगढ़ में इसकी संख्या करीब 6 लाख है। वहीं दुर्ग जिले में 15 हजार से ज्यादा रूफटाफ तैयार किए जाने हैं। वर्तमान में इसके लिए दुर्ग जिले के 89, बालोद के 10 एवं बेमेतरा जिले के 11 उपभोक्ताओं को स्टेट सब्सिडी राशि उनके बैंक खातों में अंतरित भी की जा चुकी है। गजेंद्र यादव ने कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं को बिजली के बिल से राहत दिलाएगी। विद्युत विभाग के कर्मचारी द्वारा रजिस्ट्रेशन की जानकारी प्रदान करने के साथ ही आवश्यकता पड़ने पर रजिस्ट्रेशन करने में सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में सीएसपीडीसीएल दुर्ग मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल, अधीक्षण अभियंता जे.जगन्नाथ प्रसाद एवं आरके मिश्रा, कार्यपालन अभियंता आरके दानी एवं एसके महादुले, सहायक अभियंता डीलेन्द्र देशमुख, महेन्द्र कुमार साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### पहले दिन बोरसी जोन क्षेत्र में लोगों को दी गई जानकारी

रथ ने पहले दिन बोरसी जोन क्षेत्र में जानकारी दी। 10 सितंबर को जवाहर नगर जोन के विभिन्न स्थानों जैसे एसएएफ सबस्टेशन, मोहन मिष्ठान, सिंधिया नगर, जवाहर नगर, जयंती नगर, मुखर्जी नगर, आर्यनगर, हरनाबांधा एवं आसपास के क्षेत्र में शार्ट विडियो एवं सूचनात्मक सामाग्री के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जाएगा। 11 सितंबर को बघेरा जोन के महेश कॉलोनी, ऋषभ ग्रीन सिटी, अमर हाइट्स, बघेरा बस्ती, रामनगर, चंडी मंदिर रोड, शिवपारा, गवली पारा, शक्ति चौरा एवं आसपास के क्षेत्र में रथ पहुंचेगा। इसके अलावा शहर के अन्य हिस्सों में रथ पहुंचेगा।

### 2027 तक लक्ष्य पूरा करने की चुनौती, इसलिए अभियान किया शुरू



सौर ऊर्जा को सुलभ बनाने और हरित ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सरकार की मंशा है कि उपभोक्ताओं को बिजली बिल से राहत के लिए किसी शासकीय योजना पर आश्रित रहना न पड़े। वह स्वयं अपने छत पर रूफटाफ सोलर प्लांट लगाकर बिजली उत्पादन कर ऊर्जादाता बने। नेट मीटरिंग के माध्यम से वह बिजली बेच भी सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2027 तक देशभर में एक करोड़ रूफटाफ सोलर प्लांट लगाने का संकल्प रखा है। अब तीन किलोवाट तक एक लाख आठ हजार रुपए की सब्सिडी उपभोक्ताओं को मिलेगी। इस योजना से ना केवल बिजली के बिल कम होंगे, बल्कि यह देश को हरित ऊर्जा की ओर भी ले जाएगा।

### 12 सितंबर से रथ भिलाई में देगा उपभोक्ताओं को जानकारी

12 सितंबर को रथ सुपेला जोन के कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी, रामनगर, संजय नगर, पीडी परिसर, चंद्रा-मौर्या टॉकिज, घड़ी चौक आकाष गंगा सुपेला, गदा चौक एवं आसपास के क्षेत्र। वैशाली नगर जोन के अवंती बाई चौक, ढांचा भवन, लोहिया रोड, कैलाश नगर, एकता चौक, गोल मार्केट, शांति नगर, सुंदर नगर, गुरुनानक रोड एवं आसपास के क्षेत्र में लोगों को योजना की जानकारी प्रदान की जाएगी। 13 सितंबर नेहरु नगर जोन के रॉयल ग्रीन, चौहान टाउन, सूर्या मॉल, केपीएस स्कूल चौक, स्मृति नगर, नेहरु नगर पूर्व एवं पश्चिम एवं आसपास के क्षेत्र। कोहका जोन के मैत्री विहार, राधिका नगर, सुंदर नगर, कृष्णा नगर, बजरंग पारा, अवंती बाई चौक एवं आसपास के क्षेत्रों में सूर्यरथ पहुंचेगा। 14 सितंबर रिसाली जोन पहुंचेगा। 16 को भिलाई चरोदा में योजना की जानकारी दी जाएगी।

## खबर संक्षेप



### हिन्दू युवा मंच ने सफाई को लेकर की शिकायत

**भिलाई।** हिन्दू युवा मंच ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर रिसाली निगम की महापौर शशि सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष कृष्णा चौहान व सुरेंद्र जैन के अगुवाई में कार्यकर्ता निगम पहुंचे। इस दौरान सफ़ाई, डीपीएस रिसाली की अवैध दीवार, बड़े बड़े यूनीपोल, पार्कों में अवैध कोचिंग सहित अन्य विषयों से महापौर को अवगत कराया। इस अवसर पर रविकान्त, संजय जाल, कमल रंधिवे, अजय यादव, दीपक, गुलशन, नीरज, यश, बाबू सागर सहित अन्य मौजूद थे।

### 14 को मरोदा में होगा विशाल रक्तदान शिविर



**भिलाई।** रक्त दान महादान जनकल्याण समिति मरोदा द्वारा 14 सितंबर को आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर एवं रक्तदाताओं एवं सामाजिक संस्थाओं का सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन हुआ। विमोचन ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने किया। उन्होंने लोगों से इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने की अपील की। यह आयोजन मानवता की सेवा एवं सामाजिक सरोकार को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। रक्तदान जैसे पुण्य कार्य से न केवल जीवन बचाए जाते हैं, बल्कि समाज में सहयोग, संवेदना और एकता की भावना भी मजबूत होती है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नरेंद्र निर्मलकर, प्रवीण सिंह राजपूत, हरि श्याम, राजू धनकर, रमन साहू, सुरेश कुमार, विक्रम कौशिक, गुलशन कौशिक एवं प्रवीण शीलाडी उपस्थित थे।

### निगम ने पुरुषोत्तम को नियुक्त किया सलाहकार



**दुर्ग।** नगर निगम दुर्ग ने कानूनी मामलों के लिए तीन अधिवक्ताओं की नियुक्ति की है। इनमें पुरुषोत्तम सोनारे, हरेकृष्ण तिवारी और जय प्रकाश साहू शामिल है। 29 अगस्त को हुई महापौर परिषद की बैठक में तीनों नामों पर सहमति बनाई गई। इसके बाद आयुक्त सुमित अग्रवाल ने नियुक्ति आदेश जारी किया। तैयार पैनल दुर्ग निगम के न्यायालयीन प्रकरणों में पैरवी करने, विभागीय नस्तियों में अभिमत देने का कार्य करेगी। निर्धारित मानदेय पर इन वकीलों की नियुक्ति की गई है। तीनों वकीलों को निगम के अधिवक्ता पैनल में शामिल किया गया है।

### रिकार्डिंग डांस का आनंद लिया ग्रामीणों ने

**उतई।** ग्राम चिरपोटी (अण्डा) में जय बुदादेव गणेशोत्सव समिति एवं पारधी पारा के तत्वावधान में रिकार्डिंग डांस का आयोजन किया गया। जनपद सदस्य दुर्ग ढालेश साहू मुख्य अतिथि थे। वहीं ग्राम पंचायत चिरपोटी की सरपंच पूजा चंद्राकर विशिष्ट अतिथि थी। महादेवा डांस ग्रुप रिकार्डिंग लोक संस्था मरौदा (दुर्ग) एवं छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच रिकार्डिंग डांस की प्रस्तुतियों ने उपस्थित ग्रामीणों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्राम पंचायत चिरपोटी के उपसरपंच सुरेन्द्र निषाद, पंचगण आदि मौजूद थे।

**हड़ताल का 23वां दिन : मुस्तैदी से जमे हैं धरने पर, आगे और भी उग्र आंदोलन**

# रघु पति राघव राजा राम ... भजन के साथ हड़ताली एनएचएम कर्मियों का शीतला तालाब में जल सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की हड़ताल मंगलवार को 23 वें दिन जारी रहा। हड़ताली कर्मियों ने रघु पति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम... के भजन गाते हुए शीतला मंदिर तालाब में जल सत्याग्रह किया।

धरना समाप्ति के बाद 150 से ज्यादा कर्मी तालाब पहुंच गए और पानी में उतर गए। यहां पर अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। धरना स्थल पर मां गौरी मंदिर दुर्ग के पुजारी पंडित रसिया महाराज द्वारा हनुमान चालीसा पाठ और भजन कीर्तन भी किया गया, जिसमें एनएचएम कर्मचारी भी हनुमान चालीसा और भजन कीर्तन गाने लगे। दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा ने बताया कि 23 दिन से ये आंदोलन अनवरत जारी है। कर्मचारियो के आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।

धीरे धीरे अब उग्रता की ओर बढ़ रहा है। जल सत्याग्रह तक पहुंच चुका है। सरकार को जल्दी फैसला करके हड़ताल को समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए। स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह प्रभावित हैं। सरकारी योजनाओं की सारी रिपोर्टिंग पूरी तरह प्रभावित है।



### कर्मचारी संघ की प्रमुख मांगों में ये शामिल, जानिए

कर्मचारी संघ की प्रमुख मांगों में संविलियन जॉब सुरक्षा, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, कार्यमूल्यांकन पद्धति में सुधार, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल या अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख चिकित्सा बीमा शामिल है। अपनी इन मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारी 18 अगस्त से आंदोलन कर रहे हैं। संघ के प्रतिनिधियों का कहना है कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान भारतीय जनता पार्टी की घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी का उल्लेख करते हुए संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण का वादा किया गया था, परंतु सरकार बनने के 20 माह होने के बाद और 170 से अधिक ज्ञापन देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। निराश होकर वर्ष 2024 के विधानसभा मानसून सत्र के दौरान 22 एवं 23 जुलाई को दो दिवसीय प्रदर्शन, 1 मई को विश्व मजदूर दिवस तथा इसी वर्ष विधानसभा मानसून सत्र के दौरान 16 तथा 17 जुलाई को पुनः दो दिवसीय प्रदर्शन किया गया। ठोस कार्रवाई नहीं होने के बाद कर्मचारियों ने धरने पर बैठने का निर्णय लिया।

### पांच प्रमुख मांगों में कर्मचारी संघ को आपत्ति

संघ को पांच प्रमुख मांगों को लेकर ज्यादा आपत्ति है। इसमें ट्रांसफर नीति जिसमें शासन ने कमेटी का गठन किया है। इसमें कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है। सी आर व्यवस्था में पारदर्शिता को लेकर अपीलेट अथॉरिटी का गठन किया है। संघ का कहना है कि केवल अपीलेट अथॉरिटी का गठन ही पर्याप्त नहीं है। इसमें वह कर्मचारी जिसकी सेवा समाप्त की गई है, उसे तब तक न हटाया जाए जब तक अपीलेट अथॉरिटी अपना फाइनल निर्णय नहीं दे देती। 10 लाख तक का कैशलेश बीमा को लेकर कोई सर्कुलर जारी नहीं हुआ है। जबकि हर साल 5 करोड़ की राशि कर्मचारी कल्याण हेतु आती है। लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि जिसे 5 प्रतिशत किया गया। इसके लिए कोई सर्कुलर जारी नहीं हुआ। दुर्घटना या बीमारी में संवैतनिक अवकाश पर सर्कुलर निकला है। लेकिन इस केस में पीड़ित व्यक्ति के आवेदन पर निर्णय राज्य कार्यालय लेगा ऐसा कहा गया है, जो कि व्यावहारिक नहीं है।

# कैट ने महापौर से की हैंडीक्राफ्ट मार्केट, एक्जीबिशन डोम की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

नगर निगम की महापौर अलका बाघमार से कैट दुर्ग जिला महिला इकाई अध्यक्ष पायल जैन ने पदाधिकारियो के साथ मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने शहर के सर्वांगीण विकास के लिए महापौर अलका बाघमार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और महिला उद्यमिता को नई दिशा देने संबंधी कई महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे। पायल जैन ने कहा कि कैट दुर्ग महिला इकाई लगातार स्वावलंबी भारत अभियान अंतर्गत कार्य कर रही है। संगठन द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और टोकन अमाउंट पर आयोजित प्रदर्शनियों के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इन आयोजनों से महिला उद्यमियों की अच्छी-खासी बिक्री होती है और उन्हें शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों से जुड़ने का भी अवसर मिलता है। इससे वे अपने उत्पादों की सालभर लगातार मार्केटिंग कर पाती हैं। सुश्री पायल जैन ने महापौर से आग्रह किया कि उतई टेम्पो स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर के पीछे जहां कई वर्षों से गुमटियां पड़ी हुई हैं, वहां की साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण कर त्यौहारों से पूर्व हैंडीक्राफ्ट मार्केट शुरू किया जाए। इससे स्थानीय महिला उद्यमियों और गृह उद्योगों को अपने उत्पाद बेचने का सुनहरा अवसर मिलेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि शहर में एक उपयुक्त स्थान चिन्हित कर स्थायी एक्जीबिशन डोम का निर्माण कराया जाए। इस अवसर पर महामंत्री गुंजा पींचा, कोषाध्यक्ष अमीना हिरानी, एमएसएमई से मो. अली हिरानी मौजूद थे।

- **महापौर अलका बाघमार से कैट महिला इकाई अध्यक्ष पायल जैन ने की मुलाकात**

# बोरसी मुक्तिधाम में मां के नाम पौधा रोपा, वृक्ष बनाने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग



पर्यावरण संरक्षण को लेकर नगर निगम ने पहल की है। इसी क्रम में नगर निगम के महापौर अलका बाघमार ने मंगलवार को वार्ड 52 बोरसी मुक्तिधाम परिसर में प्रभारी काशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, पार्षद गुलशन साहू, साजन जोसफे, उपअभियंता पंकज साहू, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह के साथ मिलकर नीम, पीपल, गुलमोहर सहित अन्य फलदार पौधे रोपे। लोगों ने मां के नाम पर पौधे लगाए।महापौर ने कहा सिर्फ पौधे न लगाएं, बल्कि उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी लें। मौके पर उपस्थित सभी लोगों को वृक्षों की सुरक्षा करने और उन्हें बढ़ाने की शपथ भी दिलाई गई। पर्यावरण प्रभारी काशीराम कोसरे ने कहा नगर निगम क्षेत्र में आयोजित यह वृक्षारोपण कार्यक्रम केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उठाया गया कदम नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली और स्वच्छता का संकल्प भी है। इस अवसर पर मुक्तिधाम के बाउंड्रीवाल और सड़क का संधारण करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

- **मुक्तिधाम परिसर में बाउंड्रीवॉल मरम्मत और सड़क संधारण के दिए निर्देश**

### कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी: चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग



ग्रामीण विधायक और राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने पुलिस अधीक्षक और पुलिस विभाग के आला अधिकारियों से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र की क़ानून व्यवस्था की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ललित चंद्राकर ने पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत कोई भी व्यक्ति कानून व्यवस्था का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि क़ानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।चोरी, लूटपाट, मारपीट, दंगा जैसी कोई अप्रिय घटना ना घटे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

# यूरिया की कमी का विरोध करने कांग्रेसी आज गाड़ा-बैला लेकर पहुंचेंगे कलेक्टोरेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

जिला कांग्रेस कमेटी के बैनरतले यूरिया की कमी को लेकर 10 सितंबर को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया जाएगा। इसे लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष राकेश ठाकुर, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां जिला और पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अनुमति मांगी। कांग्रेसी किसानों की खाद की कमी को लेकर गाड़ा बैला रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे।राकेश ठाकुर ने बताया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। पहले किसानों को डीएपी खाद नहीं मिला किसानों को कालाबाजारी में हजारों में डीएपी खाद लिया गया। अब फिर किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल रहा है। 266 रुपए का यूरिया 1500, 2000 में लेने मजबूर हो रहे हैं। इसको लेकर बुधवार को कांग्रेसी किसानों के साथ गाड़ा बैला रैली निकालकर राजीव भवन से दुर्ग कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व एल्डरमैन अजय गोलू गुप्ता, नासिर खोखर, मुकेश साहू, आनंद कपूर ताम्रकार, बिजेंद्र भारद्वाज, तिलक राजपूत, अबरार पंवार, सुमित घोस सहित अन्य शामिल थे। रैली सुबह करीब 11 बजे राजीव भवन शनिचरी बाजार से निकलेगी।

- **10 को होने वाले प्रदर्शन से जिला व पुलिस प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**

# संभाग स्तरीय वाद-विवाद स्पर्धा में सड़क सुरक्षा के मुद्दों की गूंज



हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

एसएनजी विद्या भवन सेक्टर-4 भिलाई में सड़क सुरक्षा पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा एवं अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर और महापौर अलका बाघमार मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान जानकारी दी गई कि सड़क सुरक्षा कितनी आवश्यक है। विधायक ललित चंद्राकर ने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा शिक्षा ही व्यक्ति को सही और गलत की पहचान कराती है। सड़क पर अनुशासन और जीवन में अनुशासन, दोनों ही एक दूसरे के पूरक हैं। पढ़ाई के साथ-साथ यदि हम नियमों का पालन करेंगे तो समाज और राष्ट्र दोनों का विकास सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम में दुर्ग संभाग के विभिन्न विद्यालयों से आए दर्जनों छात्र-छात्राओं ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बच्चों ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए ट्रैफिक नियमों के पालन, सड़क दुर्घटनाओं की भयावह स्थिति और सुरक्षित भारत की परिकल्पना पर जोर दिया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के वक्तव्यों का मूल्यांकन किया और विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया। चंद्राकर ने कहा कि हर साल हजारों लोग सिर्फ लापरवाही और नियम तोड़ने की वजह से अपनी जान गंवाते हैं।

**जनचौपाल लगाकर अभियान चलाने के दिए निर्देश**

# 10806 आवासों की मंजूरी, बने 6940, बाकी अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम आवास निर्माण धीमा है। वर्ष 2024-25 में कुल 10806 आवासों की स्वीकृति मिली, लेकिन अब तक सिर्फ 6940 आवासों का काम पूरा हो पाया है। बाकी का काम या तो शुरू नहीं हुआ है या अधूरा है। इसे लेकर जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने आवास निर्माण में गति लाने जनचौपाल लगाकर गुणवत्तायुक्त आवास निर्माण के निर्देश दिए। हितग्राहियों के बीच प्रतिदिन जनचौपाल कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। हितग्राहियों से संवाद किया जा रहा है। तकनीकी सहायकों की टीम के माध्यम से प्रतिदिन हितग्राहियों को मदद मिल रही है। बजरंग दुबे ने बताया कि सितंबर माह में अधिकाधिक आवास पूर्ण करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में हितग्राहियों के बीच चौपाल लगाकर संवाद किया जा रहा है। इससे हितग्राहियों को संसाधन जुटाने में मदद मिल रही है। तकनीकी टीम कार्यों की सतत निगरानी भी कर रही है।




### हर दिन लगाई जा रही जनचौपाल, काम में तेजी के प्रयास

3 सितम्बर से प्रतिदिन जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में तकनीकी सहायकों द्वारा प्रतिदिन जनचौपाल लगाई जा रही है। इसमें ग्राम पंचायत के सभी ऐसे हितग्राहियों को शामिल किया जा रहा है। धमधा जनपद के कुल 12 तकनीकी सहायकों को रोस्टर बनाकर जनचौपाल लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं पाटन जनपद पंचायत अंतर्गत कुल 12 तकनीकी सहायकों को तिथिवार जनचौपाल आयोजित किए जाने के लिए नियुक्त किया गया है। आगामी 20 सितंबर तक पूरे जिले की ग्राम पंचायतों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी सलाह और संसाधन की उपलब्धता बढ़ाने के लिए जनचौपाल कार्यक्रम आरंभ किया गया है। आवासों को जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

### दारगांव में लगाया कैम्प, 90 दिन में भुगतान के निर्देश

धमधा ब्लॉक के दारगांव में जनचौपाल लगाई गई। दारगांव सहित बिरोदा, खजरी, कंदई, मोहरेंगा, तरकोरी एवं ठेंगाभाट के 133 हितग्राहियों को आवास निर्माण को लेकर चर्चा के लिए बुलाया गया। जनपद सीईओ किरण कुमार कौशिक ने आवास निर्माण, सामग्री एवं राजमिस्त्री उपलब्धता के संबंध में हितग्राहियों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) शासन की महत्वकांक्षी एवं प्राथमिकता में है, जिस हेतु हितग्राही किसी भी तरह की शिकायत होने पर जानकारी दे सकते हैं। मनरेगा के तहत आवास निर्माण के स्तर के आधार पर कुल 90 दिवस की मजदूरी भुगतान समय-सीमा में पूर्ण करने निर्देशित किया गया।

# नक्सल क्षेत्र में 40 से ज्यादा कैम्प तैयार करने वाले कांस्टेबल का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नक्सलियों से अलग-अलग मोर्चे पर जवानों द्वारा लड़ाई जा रही है। ऐसे ही एक मोर्चे पर घोरनक्सल प्रभावित क्षेत्र में जगह की तलाश कर कैम्प स्थापित करने में अहम भूमिका निभाने वाले जवान को केंद्रीय गृहमंत्रालय ने सम्मानित किया है। एसएएफ की 17वीं बटालियन में पदस्थ बघेरा हाउसिंग बोर्ड दुर्ग के सतीश चौधरी को सम्मानित किया गया है। कमांडेंट कमलेश्वर प्रसाद चंदेल, डिप्टी कमांडेंट प्रमोद गुप्ता और सूबेदार अंजनी सिंह की मौजूदगी में सतीश चौधरी के सम्मानित किया गया। चौधरी के पिता सुदामा प्रसाद भी पुलिस विभाग में सेवारत रहे। 31 अगस्त को ही वे सेवानिवृत्त हुए हैं। सतीश वर्तमान में बीजापुर में पदस्थ हैं। लगातार कैम्प तैयार करने में अपना योगदान दे रहा है। जानकारी के मुताबिक अब तक उसके माध्यम से 40 से ज्यादा कैम्प तैयार किए जा चुके हैं, जिसकी मदद से आसपास के क्षेत्रों में नक्सली घटनाओं पर अंकुश लगाने में खासी मदद मिली है। इतनी नहीं क्षेत्र नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की सूची से बाहर हो चुके हैं।

## एसएएफ की 17वीं बटालियन में है सेवारत, जवान बघेरा दुर्ग में निवासरत

### जवान 2016 से बीजापुर में है पदस्थ

सतीश चौधरी ने बताया कि वह पिछले 2016 से बीजापुर में पदस्थ है। उसकी बटालियन में नियुक्ति के बाद से उसे यह जरूरी काम दिया गया है। अधिकारियों के मार्गदर्शन में वह यह जिम्मेदारी उठा रहा है। पिछले दिनों देश के गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सल क्षेत्र में लंबे समय से सेवारत जवानों को सम्मानित किया। उन जवानों में वे भी शामिल हैं। सतीश ने कहा कि यह मेरे लिए गौरव की बात है। उसके द्वारा लगातार इस कार्य को किया जा रहा है। वर्तमान में छुट्टी लेकर दुर्ग आया है। उसे जल्द ही बीजापुर में रिपोर्ट करना है। इसलिए वह बीजापुर के लिए रवाना हो रहा है।



### दुर्ग में पला-बढ़ा, शुरू से ही देश सेवा का रहा जज्बा

सतीश चौधरी ने बताया कि वह दुर्ग में रहकर ही पला-बढ़ा। उसकी शुरू से ही इच्छा थी कि देश सेवा करे। इसलिए उसने एएएफ जवान बनने का निर्णय लिया। फिजिकल क्लीयरेंस और रिटर्न एक्जाम के बाद उसे कबीरधाम में पोस्टिंग मिली। वर्तमान में वह बीजापुर में पदस्थ है। उसकी पूरी टीम सुरक्षा लिहाज से बेस कैम्प तैयार करने का काम कर रही है। इस बेस कैम्प के जरिए ही नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने में मदद मिलती है। सड़कें बनाने से लेकर गुजरने वाले वाहनों को सुरक्षा प्रदान की जाती है।

## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा मार्गदर्शन कार्यशाला आज

**जामगांव आर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल जामगांव आर द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन 10 सितम्बर बुधवार को दोपहर 2 बजे जैन भवन जामगांव आर में रखा गया है। जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने बताया कि प्रदेश भाजपा एवं जिला भाजपा नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से लेकर गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान के लिए मार्गदर्शन देने मुख्य वक्ता भाजपा जिला मंत्री दुर्ग रोहित साहू की विशेष उपस्थिति रहेगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संपर्क कर कार्यशाला में उपस्थिति के लिए आग्रह किया है।



### मोटर पंप पर पालिका सख्त, तीन पंप जप्त




**कुम्हारी।** नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रान्तर्गत पानी की समस्या एवं सबमर्सिबल पंप से पानी खींचने के मामले में कार्रवाई की गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर के निर्देशानुसार मंगलवार को सुबह 6.00 बजे से राजस्व विभाग, जल विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध पंप के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर मौका स्थल निरीक्षण करते हुए वार्ड कं.-19 जंजगिरी में 03 नग पंप जप्त किया गया एवं समझाईश दी गई। पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि अगर अवैध रूप से घरों में पंप का उपयोग किया गया तो नगर पालिका की संयुक्त टीम आगे भी ऐसे अवैध पंप के उपयोग करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी।

## निधन

### सुलोचना देवी भट्ट

**भिलाई।** रिसाली सेक्टर निवासी सुलोचना देवी भट्ट 74 वर्ष का निधन 9 सितंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार राम नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. बिंदेश्वर भट्ट की पत्नी एवं महेश भट्ट, कुशाल भट्ट की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।



### शिव प्रसाद चंद्राकर

**सेलूद।** सेवा निवृत शिक्षक तर्रा वाले दाऊ शिव प्रसाद चंद्राकर (82) का मंगलवार सुबह निधन हो गया। उन्होंने देहदान की घोषणा की थी। 10 सितंबर को सुबह 10 बजे तक उसका अंतिम दर्शन तर्रा स्थित निवास में किया जा सकेगा। इसके बाद सुबह 11 बजे परिजन पार्थिव शरीर एम्स अस्पताल को सौंपेगे। वे तर्रा के प्रगतिशील किसान रुपेश चंद्राकार, शोभित चंद्राकर के पिता तथा रुद्रांश चंद्राकार के दादा थे। उनके निधन पर चंद्राकार समाज सहित गांव में शोक की लहर है।



## समस्या : राहगीरों की जान को खतरा, प्रशासन इस ओर ध्यान दें

# पाटन नगर पंचायत में आवारा कुत्तों का आतंक, बढ़ा दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगर पंचायत पाटन इन दिनों आवारा कुत्तों के आतंक से जूझ रहा है। चौक-चौराहों से लेकर मुख्य मार्गों और गली-मोहल्लों तक झुंड में घूमते कुत्ते स्थानीय नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। आए दिन सुबह और शाम के समय सड़कों पर इनके झुंड देखने को मिलते हैं, जिससे पैदल यात्रियों और दोपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नगरवासियों का कहना है कि कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक साबित हो रही है। कई बार आवारा कुत्ते राहगीरों का पीछा करते हैं, जिससे दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। हाल ही में कई लोगों के काटे जाने की घटनाएँ भी सामने आई हैं, जिसके बाद नागरिकों में भय का माहौल है। राहगीरों ने बताया कि पुराना बाजार चौक कालेज रोड आत्म नद चौक आजाद चौक क्षेत्र में भी कुत्तों का झुंड मंडराता रहता है। सड़क पर अचानक दौड़ पड़ने से वाहन चालक असंतुलित हो जाते हैं और हादसे की आशंका बनी रहती है। नगर पंचायत प्रशासन से कुत्तों की बढ़ती संख्या पर रोक लगाने और उनकी नसबंदी जैसी स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही, कुत्तों को पकड़ने के लिए नियमित अभियान चलाने की भी आवश्यकता जताई है। लोगों का कहना है कि समस्या पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो स्थिति और भयावह हो सकती है। पाटन के पुराना बाजार चौक में दो माह पूर्व में 4 लोगो के ऊपर हमला किया था हमला इतना जबरदस्त था कि जिसे आवारा कुत्ते ने काटा था उसका घाव आज तक नही भरा है। फिलहाल नगरवासी प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि शीघ्र ही इस समस्या का जल्द समझना करेगी।

### टीकाकरण और नसबंदी की पहल जरूरी



# 'शिकसा' ने किया शिक्षकों को सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शिक्षक कला व साहित्य अकादमी (शिकसा) छत्तीसगढ़ दुर्ग जिला के तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अंजोरा ख दुर्ग में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। व्याख्याता व 'शिकसा' के संस्थापक शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन और प्राचार्य एवं संस्था के जिला अध्यक्ष होरी लाल चतुर्वेदी के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में मुख्य अतिथि संगीता साहू जनपद सदस्य, विशेष अतिथि नीता त्रिपाठी प्रांताध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, संध्या पाठक- महासचिव महिला प्रकोष्ठ, शशिभूषण शर्मा जिला अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ दुर्ग जिला उपस्थित थे। इस अवसर पर शिकसा शिक्षक सम्मान से 21 शिक्षकों को सम्मानित किया। इनमें नीता त्रिपाठी, संध्या पाठक, किरण शर्मा, प्रकाश चन्द्र चेलक, शशिभूषण शर्मा, शशिकला चन्द्राकार, खुशबू जैमिनी, ममता देवांगन, सरस्वती श्रीवास्तव, अंजुलता त्रिपाठी, उमा राठौड़, मनोज कुमार गुप्ता, शारदा साहू, भिनेश्वरी साहू, के.कविता, सुभाषिनी ऐलन,अभिलाषा साहू, मीना रावटे और आकाश दुबे शामिल हैं। विशेष सहयोग के लिए फगनी निषाद और स्वाति शर्मा को भी सम्मानित किया गया।

- शिकसा शिक्षक सम्मान से 21 शिक्षक सम्मानित

### भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

**अंडा।** भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा का प्रथम दुर्ग आगमन पर दुर्ग ग्रामीण अंडा निकुम मंडल अध्यक्ष लीकेश्वर देशमुख के नेतृत्व में ग्राम चंदखुरी बस स्टैंड सड़क पारा मे भव्य आतिशबाजी एवं पुष्प मालाओ से स्वागत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रभारी मन की बात प्रभारी मुकेश बेलचंदन, संयोजक राजू चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, नूतन निर्मलकर मंडल उपाध्यक्ष,गब्बर साहू महामंत्री, राजेश चंद्राकर मंडल मंत्री, अजीत चंद्राकर जनपद सदस्य अंडा, हेमलता देशमुख पूर्व सरपंच, लक्ष्मी कन्नौजे , त्रिवेणी देवांगन,प्रवीण यदु अध्यक्ष भाजयुमो, टीकाराम साहू पूर्व जनपद सदस्य, राकेश चंद्राकर पूर्व जनपद सदस्य, लुकेश देवांगन मीडिया प्रभारी, भैय्या लाल साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी



## इंद्रजीत ने अभय की मदद के लिए बढ़ाया हाथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इंद्रजीत सिंह 'छोटू' की पहल से स्वयं के खर्च पर दृष्टिबाधित अभय साकरे को एक वर्ष की संगीत शिक्षा में पूर्ण सहायता देंगे। न्यू दीन दयाल कॉलोनी, खमरिया निवासी दृष्टिबाधित बालक अभय साकरे की संगीत प्रतिभा और शिक्षा के प्रति लगन से प्रभावित होकर इंद्रजीत सिंह 'छोटू' ने उनके परिवार की मदद का हाथ बढ़ाया। इंद्रजीत सिंह 'छोटू' ने अभय से मुलाकात कर उन्हें वत्सल म्यूजिक क्लासेज में एडमिशन दिलवाया और एक वर्ष का संगीत कोर्स एवं उसकी पूरी फीस स्वयं वहन करने की सहायता प्रदान की। इस दौरान अभय ने अपने गीतों से लोगों का दिल जीत लिया। यह पहल समाज में प्रेरणा, सहयोग और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण बनी है।

## पुस्तक मेला का लाभ लिया विद्यार्थियों ने



**धमधा।** चंदूलाल चंद्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय धमधा तथा शासकीय नवीन महाविद्यालय पेंड्रावन के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत बोध विथिका पुस्तक मेला का आयोजन धमधा महाविद्यालय में किया गया। एलुमिनी अध्यक्ष समर्थ ताम्रकार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। संरक्षक एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उषा किरण अग्रवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। आयोजन में समिति प्रभारी डॉ शशि ठाकुर, सदस्य डॉ. दिव्या नेमा, डॉ अशोक तिवारी, डॉ. हर्ष वर्मा, राजेश पटेल, डॉ. नूर अफ्शा, राजेश देवांगन और जितेंद्र कुमार झारिया की महती भूमिका रही। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, विद्यार्थीगण तथा शोधार्थीगण उपस्थित रहे।

### सेजेस जजंगिरी में हुआ शिक्षकों का सम्मान



**कुम्हारी।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जंजगिरी में 50 शिक्षकों एवं 28 बीएड शिक्षकों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी जिला दुर्ग के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने अपने रिटायर्ड शिक्षक एम.के. राजपूत का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। अध्यक्षता करते हुए बी के ग्रुप के डायरेक्टर दिलीप साहू ने कहा- शिक्षक व्यक्तित्व विकास में मील का पत्थर होते है। प्राचार्या श्रीमती मिनी गोपीनाथन ने सम्मान के लिए शाला प्रबंधन समिति का आभार जताया। इस दौरान शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रूपेश कुमार साहू ,वार्ड पार्षद लोकेश कुमार साहू , लता साहू पार्षद, ममता साहू पार्षद, सांसद प्रतिनिधि सेजस जंजगिरी द्वारिका प्रसाद साहू , पूर्व मंडल अध्यक्ष पी.एन.दुबे , रागिनी निषाद पूर्व पार्षद, नवीन पवार , टेकन सिन्हा , प्रणव श्रीवास्तव , जूही चंद्राकर , नरेश साहू , राम सिंह साहू , रामकुमार साहू , पुनीत निषाद , मोजूराम साहू , ओम प्रकाश साहू , मोहित साहू ,वकील डी के दुबे , बंसीलाल साहू , यशोदा साहू एवं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जंजगिरी के समस्त शिक्षकगण आदि उपस्थित थे।

### नगर पंचायत उतई में धूमधाम किया गणेश प्रतिमा का विसर्जन

**उतई।** अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर नगर पंचायत उतई के विभिन्न पंडालों में विराजमान गणेश प्रतिमाओं का नगर पंचायत उतई द्वारा निर्धारित किए कुंड पर विसर्जन किया गया। इस अवसर पर नवजागरण गणेश उत्सव समिति बस स्टैंड उतई डुमरडीह उतई द्वारा ढोल ताशों के साथ गणेश विसर्जन की शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर समिति के अध्यक्ष गजेंद्र वर्मा,गजेंद्र चक्रधारी,अमित यादव ,नरेंद्र नेताम,चंद्रकांत बम्भोले,कमलकांत यादव,लेखराम सोनवानी,राकेश यादव,संजू यादव,ओम चक्रधारी,सुरेंद्र वर्मा,मोहन साहू,रविकांत यादव,चित्रकांत यादव,गोपाल चक्रधारी आदि मौजूद थे।



### रंग लहर की प्रस्तुति को सराहा ग्रामीणों ने

**पाटन।** मां दंतेश्वरी युवा गणेशोत्सव समिति केसरा के तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग लहर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग ने किया। उनके साथ दिनेश साहू सदस्य जप,राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, डा ईश्वर निषाद सरपंच,बसंत सिन्हा उपसरपंच,गजानंद सिन्हा ग्राम प्रमुख, तेजराम सिन्हा सेक्टर प्रभारी, राजेंद्र सिन्हा,हीराराम सिन्हा ने श्री गणेश और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की।



**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क्र.-202508102700012
ब-121/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अमरसिंह ठाकुर आ. पुनऊ राम ठाकुर, जाति-गोड़, निवासी ग्राम हिर्री, तहसील बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा स्वंय अमरसिंह ठाकुर जन्म दिनांक 01/06/1969 को स्थान ग्राम हिर्री, तहसील बोरी में जन्म हुआ है, का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आदेश जारी किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय शपथपत्र, पंचायत अप्राप्यता प्रमाण पत्र, पटवारी प्रतिवेदन, अन्य दस्तावेज सहित संलग्न कर इस न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण दर्ज किया जावे। प्रकरण में दैनिक समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन किया जावें। अतः जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आदेश जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 12/09/2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बोरी

**शपथ-पत्र**

मैं श्रीमती मालती देवांगन पति श्री लखन लाल देवांगन निवासी-1 ए, सड़क 21 ए, सेक्टर 7 भिलाई नगर, सिविक सेंटर भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) है जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सहीं है।
2. यह कि, मेरे स्वयं नाम के बैंक पासबुक खाता क्रं. - 34566694231 भारतीय स्टेट बैंक शाखा - सेक्टर 10 भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. से जारी किया गया है, जिसमें मेरा नाम मालती मालती (MALTI MALTI) दर्ज हैं।
3. यह कि मेरे सभी शासकीय दस्तावेजों एवं आधार कार्ड क्रं.- 2179 4777 1736. में मेरा नाम मालती देवांगन (MALTI DEWANGAN ) दर्ज है, जो सत्य एवं सही हैं।
4. यह कि, मालती देवांगन (MALTI DEWANGAN) एवं मालती मालती (MALTI MALTI) ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के होने के संबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।
5. यह कि भारतीय स्टेट बैंक में दर्ज नाम मालती मालती (MALTI MALTI) के स्थान पर आधार कार्ड के अनुसार मालती देवांगन (MALTI DEWANGAN) दर्ज किये जाने के संबंध में शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।
6. यह कि किसी प्रकार की गलत जानकारी देने पर मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।

शपथकर्ती

## शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में रजत जयंती और दीक्षारम्भ

# दीक्षारंभ समारोह में विद्यार्थियों ने समझा नई शिक्षा नीति को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेशित विद्यार्थियों के दीक्षारम्भ कार्यक्रम एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती समारोह में विधायक साजा ईश्वर साहू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा और मंडल अध्यक्ष बीरबल पटेल इस दौरान विशेष तौर पर मौजूद थे। छात्राओं ने अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत तथा नृत्य प्रस्तुत किया।

नई शिक्षा नीति के बारे में राजीव लाल दौंडे एवं सौम्या ने पाठ्यक्रमों में अध्ययन अध्यापन व्यवस्था एवं राज्य स्थापना रजत जयंती समारोह के त्रिदिवसीय आयोजन की जानकारी दी।

प्राचार्य डॉ कमर तलत ने महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों की उपलब्धियों एवं बढती हुई छात्र संख्या के अनुरूप महाविद्यालय की आवश्यकताओं से अतिथियों को अवगत कराया।

मुख्य अतिथि विधायक ईश्वर साहू ने जीवन में गुरु का महत्व समझाया। कार्यक्रम का सञ्चालन मोहित वर्मा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ मीना चक्रवर्ती ने दिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. तापस मुख़र्जी, डॉ. अमरनाथ शर्मा , अन्नपूर्णा महतो, डॉ. आशा दीवान , सुरेन्द्र मेहर, डॉ.संगीता शर्मा, कविता ठाकुर, डॉ समीर जायसवाल, अतिथि प्राध्यापक डॉ. भारती साहू, डॉ नुसरत जहाँ , डॉ. आशुतोष साहू, सुनील देवांगन, डॉ. कृष्णा पटेल, अनुराग पटेल एवं कार्यालय से प्रज्ञा देवांगन एवं योगेश ठाकुर उपस्थित थे।



इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण



TEAM CREATIVE

रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

# ओए चुनाव की तस्वीर साफ, अध्यक्ष पद के लिए नरेंद्र और मुकेश में सीधा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र ऑफिसर्स एसोसिएशन (ओए) के बहुप्रतिक्षित चुनाव को लेकर मंगलवार को नाम वापसी का अंतिम दिन रहा। इस दौरान अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले आशीष गेंद्रे ने नाम वापस ले लिया। इसके साथ ही अब अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर और मुकेश कुलमी के बीच सीधा मुकाबला है। नरेंद्र बंछोर पिछले चार बार के अध्यक्ष हैं। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद के लिए सौभाग्य रंजन साहू और अभिषेक कोचर के बीच सीधी टक्कर है। अन्य पदों में महासचिव के लिए अंकुर मिश्रा, तुषार सिंह टिकरिहा, सुधीर बालचंदानी रामटेके, अजय चौरसिया, विजय सैनी मैदान में हैं। जोनल प्रतिनिधि के 44 नामांकन दाखिल हुए हैं। चुनाव को लेकर हफ्तेभर पहले अधिसूचना जारी की गई थी। इसके तहत 3 से 6 सितंबर तक नामांकन फार्म जा लिए गए। वोटिंग और नतीजों की घोषणा 19 सितंबर को होनी है। चुनाव की प्रक्रिया बीटीआई के कक्ष क्रमांक 13 में चल रही है। चुनाव अधिकारी जीएम ठाकुर, संदीप झा, विकास चंद्रा, सैफुद्दीन फजली नियुक्त किए गए हैं। ओए बिल्डिंग प्रगति भवन में प्रत्याशियों की सूची चस्पा की गई।

## 19 सितंबर को होना है मतदान, मंगलवार को अध्यक्ष पद से आशीष गेंद्रे ने नाम लिया वापस

### बीएसपी क्षेत्र के चार सेंटरों में होना है मतदान

जानकारी के मुताबिक बीएसपी क्षेत्र स्थित चार सेंटर भिलाई क्लब में सुबह 9:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक, सिटीजन क्लब राजहरा माइंस में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक और नंदिनी माइंस गेस्ट हाउस में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक गुप्त मतदान होगा। हिर्री माइंस व कुटेश्वर माइंस में कार्यरत सदस्य डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान करेंगे। रिटर्निंग ऑफिसर जे एन ठाकुर, विकास चंद्रा, या संदीप झा को उनके आधिकारिक ई-मेल पर मेल भेजकर उन्हें नामांकन पत्र प्राप्त करना होगा।



### वैध मतदाताओं की सूची पहले ही की जा चुकी चस्पा

बीएसपी प्रबंधन के अनुसार मेल कर नामांकन पत्र प्राप्त करने की सुविधा सिर्फ हिर्री माइंस व कुटेश्वर माइंस में काम करने वालों को दी गई है। जिन सदस्यों की सेवानिवृत्ति 31 अगस्त 2027 को या उससे पहले नहीं होनी है, वे संबंधित क्षेत्रों के अनुसार अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष और क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। नामांकन पत्र कार्यालय समय के दौरान, मानव संसाधन विकास केंद्र के कमरा संख्या 13 में मिलेगा। वैध नामांकनों की सूची 8 सितंबर को ओए कार्यालय में चस्पा की जा चुकी है। इसके साथ ही चुनाव को लेकर राजनीतिक बिसात सजने लगी है।

## खबर संक्षेप

### कैंप की महिलाओं ने की सीवेज के निदान की मांग

**भिलाई।** कैंप क्षेत्र टाटा लाइन की महिलाओं ने भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के परिसर कार्यालय में अधिकारियों को ज्ञापन देकर गंदा पानी और सीवेज लाइन व अवैध कब्जे से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराते हुए जल्द निदान की मांग की। विभागीय अधिकारियों ने सहयोगा का आश्वासन दिया। नगर सेवाएं विभाग ने समस्या के निदान के लिए ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वाली महिलाओं से उनका आवास क्रमांक, पता और मोबाइल नम्बर की जानकारी मांगी गई। महिलाओं ने सहयोग करने की बात कही। विभागीय अधिकारियो ने क्षेत्रवासियों को बताया कि कैंप क्षेत्र के टाटा लाइन एरिया में बी.एस.पी. के द्वारा बनाए गए क्वार्टरों के अलावा खाली स्थानों में अवैध रूप से अतिरिक्त आवास बना लिये गये हैं। यह अवैध कब्जे सिवरेज पाइप लाइन, जल आपूर्ति लाइन के उपर किये गये है। उसे खोल कर पाइप लाइन को चेक करना अनिवार्य होगा। कब्जाधारियों द्वारा बिजली आपूर्ति लाइन से हुकिंग करके चोरी की जा रही है। इससे ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ने से समस्या आ रही है। विदित हो कि दो दिन पूर्व भी क्षेत्रवासियों ने कैंप क्षेत्र में पेयजल और सिवेज लाइन में खराबी की शिकायत की थी, लेकिन समस्याग्रस्त आवासों के पते नहीं दिए थे। इसके चलते समस्या के निदान को लेकर बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के कर्मियों को असुविधा हो रही थी। विभाग ने आज महिलाओं से समस्या ग्रस्त आवासों के पते मांगे।

### समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दिए आवश्यक निर्देश

# अब से हर योजना के लिए सिर्फ एक खाता, दो या ज्यादा खाते हुए तो अफसर पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग से संबंधित सभी निष्क्रिय जमा खातों में शेष राशि को तत्काल शासन की लोक लेखा में जमा कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि किसी भी योजना के लिए केवल एक ही खाता होना चाहिए। यदि किसी योजना के अंतर्गत एक से अधिक खाते पाए जाते हैं, तो संबंधित अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि अब सभी फाइलें केवल ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से ही स्वीकार की जाएंगी। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की सूची का सत्यापन कार्य पूर्ण होने की जानकारी अधिकारियों ने दी। उन्होंने कहा कि यदि उद्योग विभाग को अभी तक औद्योगिक भूमि का आबंटन नहीं हुआ है, तो राजस्व विभाग संबंधित रिकॉर्ड का शीघ्र दुरुस्तीकरण करें।

**कलेक्टर की बैठक में सभी सरकारी विभाग के अधिकारी रहे मौजूद**



### स्थाई जातिप्रमाण और निवास प्रमाण पत्र ऑनलाइन

विद्यार्थियों के स्थाई जाति प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र से संबंधित जानकारी ऑनलाइन आवेदन किए जा चुके हैं, जिस पर तहसीलदारों को प्राथमिकता से कार्यवाही करने को कहा गया है। इसके अलावा विद्यार्थियों के बायोमीट्रिक अपडेट के लिए स्कूलवार कैम्प लगाने के निर्देश भी दिए गए। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर बल दिया गया। धान उपार्जन हेतु पीडीएस बारदाना के एकत्रीकरण एवं सुरक्षित रखरखाव की स्थिति की समीक्षा में अधिकारियों ने पर्याप्त व्यवस्था होने की जानकारी दी गई। सामाजिक सहायता योजनाओं के अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का आधार आधारित वार्षिक सत्यापन अब मोबाइल एप बेनिफिशरी सत्यापन एप के माध्यम से किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी नगर निगमों और नगर पंचायतों को पेंशन हितग्राहियों का पंजीयन शीघ्र पूरा करने को कहा।

### ई-वेस्ट पर भी चर्चा, कलेक्शन सेंटर बढ़ाने के निर्देश

बैठक में ई-वेस्ट के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों व सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगरीय निकायों द्वारा ई-वेस्ट के संग्रहण हेतु पृथक कलेक्शन सेंटर्स की स्थापना की जाए। उन्होंने कहा एकत्रित ई-कचरे का निपटान केवल प्राधिकृत इकाइयों के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए। स्थानीय निकाय यह सुनिश्चित करेंगे कि ई-कचरा सामान्य नगरपालिका ठोस अपशिष्ट में न मिले, और यदि ऐसा पाया जाता है, तो उसे उचित रूप से पृथक कर अधिकृत रिसाइकलर या रिफर्बिशर को भेजा जाए। साथ ही लावारिस और अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों से उत्पन्न ई-कचरे को भी निर्धारित मानकों के अनुसार प्रोसेस कर निपटाया जाए, ताकि पर्यावरण पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े।

### एसडीजी डैशबबोर्ड में की जा रही डाटा एंट्री की भी समीक्षा



कलेक्टर ने एसडीजी डैशबोर्ड में की जा रही डाटा एंट्री की भी समीक्षा की। राजस्व विभाग के अंतर्गत पटवारी से लेकर उच्च अधिकारियों के वार्षिक कार्य मूल्यांकन के लिए स्पायरो पोर्टल के अनिवार्य उपयोग के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को धार्मिक संस्थाओं को आबंटित भूमि की सूची शीघ्र तैयार करने कहा। जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की सूची की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि सूची का निर्माण कार्य प्रगति पर है। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत वय वंदना कार्ड की स्थिति की भी समीक्षा की गई और कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# आईआईटी में छात्र अध्याय व सुरक्षा पर कार्यशाला, सेफ्टी पर दिए टिप्स




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



आईआईटी भिलाई और भारतीय धातु संस्थान (आईआईएम), भिलाई चैप्टर के तत्वावधान में आईआईटी भिलाई परिसर में आईआईएम छात्र सहयोगी अध्याय के साथ औद्योगिक सुरक्षा अभियांत्रिकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यपालक निदेशक और मानद अध्यक्ष, आईआईएम-भिलाई चैप्टर राकेश कुमार थे। अध्यक्षता आईआईटी के निदेशक राजीव प्रकाश थे। विशेष अतिथि सीजीएम तापस दासगुप्ता तथा बीके बेहरा उपस्थित थे। इस अवसर पर औद्योगिक सुरक्षा अभियांत्रिकी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि उत्कृष्ट आयोजन के लिए संतोष व्यक्त किया और कहा कि नवगठित छात्र अध्याय विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के लिए प्रेरणादायक मंच बनेगा। राजीव प्रकाश ने छात्र अध्याय से विद्यार्थियों को आईआईएम जैसी प्रतिष्ठित संस्था से जुड़ने का अवसर मिलेगा और उन्हें बहुआयामी लाभ होंगे।

### आईआईटी कैंपस में सुरक्षा इंजीनियरिंग पर चर्चा

इस अवसर पर सुरक्षा अभियांत्रिकी पर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। डीजीएम अनुराग पाठक द्वारा कारखाना अधिनियम, एजीएम सुरज कुमार द्वारा पीपीई प्रबंधन, सहायक प्रबंधक सुमित कुमार द्वारा इंजीनियरिंग उद्योग में सुरक्षा, तथा फायर ऑफिसर विशेष राठी व्याख्यान दिया। प्रतिभागियों को सीजीएम तापस दासगुप्ता ने प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर जीएम शंकर, पूर्व जीएम एसएसआरसी मूर्ति, डीजीएम व संयुक्त सचिव उदय भानु तिवारी, पुष्पा एम्ब्रोज प्रबंधक मनीषा नंदी आदि उपस्थित थे।

हरिभूमि
We are Hiring
Graphic Designer
- Qualification : Graduation
- Software Skill : Coreldraw, Photoshop
- Experience: 4- 5 Yrs ex.

Send resume to haribhoomibhilai@gmail.com
Address: Haribhoomi Bhilai Office
Opp. Adarsh Petrol Pump, In front of Usha Tower, Over the Radha Pathalogy lab.
Contact No. 7000194451, 0788-4091720

### 23 वर्ष पूर्ण होने पर मिलेंगे 10 लाख, कलेक्टर सिंह ने बच्चों से आत्मीय मुलाकात कर किया संवाद

# कोरोनाकाल में 13 बच्चों ने खोए माता-पिता हर साल मिल रही बीस हजार की सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कोविड-19 महामारी के दौरान अपने माता-पिता को खो चुके 13 बच्चों से कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मंगलवार को मुलाकात कीी। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत करते हुए उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर ने बच्चों से उनके वर्तमान विद्यालय, पढ़ाई की स्थिति और रुचियों के बारे में विस्तार से पूछा। उन्होंने यह भी जाना कि बच्चे भविष्य में क्या बनना चाहते हैं। किस क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। उन्होंने छात्रवृत्ति की उपलब्धता और शासन द्वारा दी जा रही अन्य सहायता योजनाओं के बारे में भी बच्चों से सीधे जानकारी ली। भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पीएम केयर्स में लाभान्वित बालक, बालिकाओं को स्पांसरशिप योजना, महतारी दुलार योजना, एक्सग्रेसिया (आपदा प्रबंधन राहत कोष), 23 वर्ष पूर्ण होने पर एकमुश्त 10 लाख रूपए की राशि से जुड़ी जानकारी दी। कक्षा पहली से 12वीं तक अध्ययनरत लाभार्थियों को प्रति वर्ष 20 हजार रूपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है।

**एजुकेशन और अन्य विषयों को लेकर किया संवाद, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने दिया आश्वासन**

### बच्चों के बनेंगे आयुष्मान कार्ड, मिलेगा स्वास्थ्य लाभ

स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जारी कार्ड के उपयोग और लाभों के बारे में बच्चों से पूछा। उन्होंने महिला एवं बाल विकास अधिकारी आरके जाम्बुलकर को निर्देशित किया कि सभी बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनाना और उनका बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित किया जाए। मुलाकात के दौरान बालिका शुभी ठाकुर जो वर्तमान में बीआईटी कालेज में सिविल में इंजीनियरिंग कर रही है, को उच्च शिक्षा हेतु कलेक्टर द्वारा उचित व सही मार्गदर्शन दिया। बालक दुष्यंत साहू डी फार्म के द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत हैं, जो कि मेडिकल स्टोर की एजेंसी डालना चाहता है। कलेक्टर ने दो वर्ष जन औषधि केन्द्र में नौकरी करने के पश्चात मेडिकल स्टोर खोलने हेतु सुझाव दिया।




### बैंक खाता सक्रिय रखने और छात्रवृत्ति लाभ दिए जाने की दी जानकारी

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी बच्चों के नाम से बैंक खाते सक्रिय हों और इनमें छात्रवृत्ति सहित अन्य आर्थिक सहायता समय पर जमा हो रही हो। उन्होंने कहा कि कोविड काल में माता-पिता को खो चुके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शासन-प्रशासन द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर ने अपने व्यक्तिगत अनुभव भी बच्चों से साझा किए, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास और अपनापन महसूस हुआ। बच्चों ने भी खुलकर अपने अनुभव बताए और कई ने अपनी आगे की पढ़ाई, करियर और जीवन के लक्ष्यों के बारे में उत्साहपूर्वक जानकारी दी।

### अंतर इस्पात संयंत्र टेटे स्पर्धा के लिए बीएसपी टीम का किया चयन



**भिलाई।** दुर्गापुर इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर द्वारा एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 27 सितम्बर 2025 तक किया जा रहा हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। टीम का चयन क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा चयन स्पर्धा का आयोजन 11 सितम्बर को 6 बजे से भिलाई क्लब, टेबल टेनिस हॉल में किया गया है। इच्छुक खिलाड़ी 11 सितम्बर को शाम को त्र बजे से भिलाई क्लब, टेबल टेनिस हॉल में चयनकर्ता उमेश गिरी गोस्वामी व केके शुक्ल के पास अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। चयन स्पर्धा के प्रभारी, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक होंगे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

**गठित इकाई ट्रांसपोर्ट से संबंधित समस्याओं का करेगी समाधान**

# ट्रांसपोर्टर चेम्बर भिलाई के अध्यक्ष बने पंकज सेठी, चेयरमैन प्रभुनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई








छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की भिलाई इकाई के अंतर्गत एक नई विंग ट्रांसपोर्ट चेंबर भिलाई का गठन किया गया है। अध्यक्ष पंकज सेठी को बनाया गया है। चैयरमेन प्रभुनाथ बैठा, संरक्षक इंदरजीत सिंह (छोटू) व जसवंत सिंह नियुक्त किए गए हैं। कोषाध्यक्ष पद पर सतीश अग्रवाल की नियुक्ति की गई है। उपाध्यक्ष पद का दायित्व सुरजीत सिंह व मलकीत सिंह को सौंपा गया है। महासचिव संजय शर्मा व सचिव पद पर शम्भु नाथ बैठा व इंदरजीत सिंह को नियुक्त किया गया है। संगठन मंत्री का दायित्व हरनेक सिंह को दिया गया है। सलाहकार के रूप में बलजिंदर सिंह, सुख चैन सिंह, हरेंद्र यादव, प्रभात मिश्रा, नंदलाल शर्मा, संत सिंह व धनंजय शर्मा नियुक्त किए गए हैं। घोषणा करते हुए प्रदेश महामंत्री अजय भसीन एवं अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने कहा कि परिवहन क्षेत्र व्यापार जगत की रीढ़ है। इसके सुचारू संचालन से न केवल व्यापार में गति आती है बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। यह शाखा व्यापारियों एवं ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने तथा उनका समाधान कराने में सेतु का कार्य करेगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा व्यापारी हित में निरंतर सक्रिय रहेंगे।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 10 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

04


खूबसूरत और ट्रेंडी घाघरा लुक को बनाएंगे परफेक्ट

## लाइव इवेंट

### लिटिल मास्टर शतरंज स्पर्धा 14 को प्रवीण खिलाड़ियों को करेंगे पुरस्कृत

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा 14 सितम्बर को छत्तीसगढ़ लिटिल मास्टर शतरंज स्पर्धा का आयोजन अंबुजा सिटी सेंटर मॉल रायपुर में किया जायेगा। इस स्पर्धा के माध्यम से शतरंज खिलाड़ियों को अपने खेलों में सुधार कर अपनी प्रतिभा को निखार करने के लिए अर्जुन अवॉर्डी ग्रैंड मास्टर प्रवीण थिप्से द्वारा प्रेरित किया जायेगा। स्पर्धा में अंडर 7,9,11,13 एवं अंडर 15 के शतरंज प्रतिभागी भाग ले सकेंगे हैं जो सुबह 11 बजे प्रारंभ होगी।



स्पर्धा के सभी वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी तथा प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बेस्ट स्कूल को ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाएगा। स्पर्धा का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह शाम 7 बजे ग्रैंड मास्टर प्रवीण थिप्से की उपस्थिति में किया जाएगा। अर्जुन अवॉर्डी ग्रैंड मास्टर प्रवीण थिप्से सात बार विश्व चेस ओलंपियाड में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और सात बार के राष्ट्रीय चैंपियन भी रह चुके हैं। प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव एवं टूर्नामेंट डायरेक्टर विनोद राठी ने बताया कि खिलाड़ियों को लगातार उच्च स्तरीय मार्गदर्शन, प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के प्रयास में राज्य शतरंज संघ जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का लाभ लेकर तथा अपनी क्षमताओं को निखारते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरास्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं में सफलता प्राप्त करेंगे। प्रदेश शतरंज संघ के सहसचिव ईश्वर सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 12 सितम्बर तक निर्धारित की गई है। स्पर्धा की जानकारी के लिए प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव आनंद अवधिया, केंडिडेट मास्टर रवि कुमार, फिडे आर्बिटर रोहित कुमार यादव, सीए परेश श्रवण, हरिवंश अग्रवाल और अनूप कुमार झा से संपर्क कर सकते हैं। इंटरनेशनल आर्बिटर अनीस अंसारी स्पर्धा के मुख्य निर्णायक एवं फिडे आर्बिटर हर्ष शर्मा तथा रॉकी देवांगन सहायक निर्णायक होंगे।



## सिटी इवेंट

### फुलेरा से सजे शिव-पार्वती की पूजा अर्चना कर किया भजन और कीर्तन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ी सरयूपारिय महिला ब्राह्मण समाज द्वारा तीज उत्सव समारोह का आयोजन सेक्टर 7 के भवन में किया गया। जिसमें समाज की महिलाओं द्वारा फुलेरा से सजे शिव पार्वती की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने भजन-कीर्तन, गीत संगीत के माध्यम से भगवान को प्रसन्न किया तो वही फिल्मी गीतों पर नृत्य कर माहौल में उल्लास भर दिया।

- छत्तीसगढ़ी सरयूपारिण महिला ब्राह्मण समाज

समाज की मीना, अपर्णा, अर्चना, वंदना, विजिया, रानी, नीता, शोभा, रितु, सत्यभामा ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। रचना ने कविता पढ़ी नृत्य में रानी, नीता, शोभा, विजिया, अनीता, मीना ने शानदार प्रदर्शन किया। सभी महिलाओं ने गीत गाया और और ग्रुप डांस में खूब इंजाय किया। विजिया शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी को मनोरंजक गेम्स खिलाया। साथ ही क्विज कांम्पीटिशन को लोगों को बहुत पसंद आया। गेम्स में विजेताओं को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। समाज की अध्यक्ष सरिता शर्मा ने सभी महिलाओं को आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया और सामाजिक एकता बनाते हुए समाज को बुलंदियों पर ले जाने की बातें कही। कार्यक्रम में सीता मिश्रा, सुधा, कुमुद, शोभा, मीना शर्मा, ज्योति, अपर्णा, प्रमीता, नेहा, मुन्नी, संगीता, प्रणिता, अचला, विजिया, रचना, रितु, मनीषा, मिनी सहित सभी महिलाएं उपस्थित थी।

## सिटी इवेंट

### अतुल पर्वत मिले मुख्यमंत्री साय से




**भिलाई।** मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर भिलाई कैन डू पर्वत फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदेश के युवा भाजपा नेता अतुल पर्वत ने सीएम विष्णु देव साय से मुलाकात की। मुख्यमंत्री को अपने जन्मदिवस के अवसर पर निमंत्रण कार्ड देकर आमंत्रित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि विश्व विख्यात पंडित रसराज का भिलाई आगमन हो रहा है। बिग बॉस की फेम हेमा शर्मा, अभिनेता अनुराग शर्मा, लोकप्रिय बिग बॉस की अभिनेत्री डॉली बिंद्रा सहित भी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंच रहे हैं।

- घरों और गायत्री मंदिरों में पितृ दोष दूर करने काला तिल व कुशा से करा रहे तर्पण

# श्रद्धापूर्वक जो अर्पित किया जाए वही है श्राद्ध, पितरों को तर्पण कर मांग रहे आशीर्वाद



पितरों को जो श्रद्धा से व उनका आभार जताने अर्पण किया जाए उसे ही श्राद्ध तर्पण माना जाता है। अनंत चतुर्दशी के बाद दिवंगत पूर्वजों के लिए मनाया जाने वाला पितृपक्ष भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से प्रारंभ हो चुका है। जो अमावस्या तिथि तक रहेगा। यानी 7 सितंबर से प्रारंभ होकर पितृ मोक्ष विसर्जन 21 सितंबर सर्वपितृ अमावस तक श्राद्ध रहेगा।

**भिलाई।** आचार्य पं संदीप तिवारी ने पितृ पक्ष के संदर्भ में बताया कि 15 दिन तक चलने वाले पितृ पक्ष में पितरों को श्रध्दा से तर्पण करने को ही श्राद्ध कहते है। अश्विन मास के कृष्ण पक्ष से पितरों को तर्पण व श्राद्ध करने से उनकी कृपा से जन्म कुंडली से व्याप्त पितृदोषों से भी छुटकारा मिलता है। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय धर्मग्रंथों के अनुसार मनुष्य पर तीन प्रकार के ऋण प्रमुख माने गए हैं। पितृ ऋण, देव ऋण तथा ऋषि ऋण। इनमें पितृ ऋण सर्वोपरि है। पितृ ऋण में माता-पिता व परिवार के सभी बुजुर्ग आते हैं, जिन्होंने हमें अपना जीवन धारण करने तथा उसका विकास करने में सहयोग दिया।



### पूर्वजों का आशीर्वाद लेने लोग कर रहे हैं पितरों को तर्पण

पितरों के नाम से दीपक जलाकर उन्हें याद करने से पितृदोष होता है दूर

आचार्य पं संदीप तिवारी ने बताया कि श्रद्धा के साथ जो शुभ संकल्प और तर्पण किया जाता है, उसे श्राद्ध कहते हैं। श्राद्ध के पकवानों को दूध वही, घी आदि के साथ श्रवापूर्वक देने के कारण ही इसका नाम श्राद्ध पड़ा। पंडितों का कहना है कि काला तिल, जी और कुशा आदि चीजों से उनका तर्पण करना चाहिए। जब पिंडदान समाप्त हो जाए तो शाम या दोपहर को ब्राम्हण, गाय, चींटी, श्वान, कौओं इन पांचों को भोजन कराना चाहिए। इस भोज को पंचबलि भी कहते हैं। वहीं शाम को पितरों के नाम से दीपक जलाकर उन्हें याद करने से भी पितृदोष दूर होता है।

### गया में फल्गू नदी का इसलिए है विशेष महत्व



पितृ तर्पण या श्राद्ध कर्म की जब बात होती है तो बिहार राज्य के गया स्थान का नाम बड़े आदर से लिया जाता है। गया भारत में ही नहीं सम्पूर्ण विश्व में बोध गया व विष्णुपद मन्दिर दो स्थान श्राद्ध तर्पण के लिए बहुत प्रसिद्ध है। गया में जो दूसरा सबसे प्रमुख स्थान फल्गु नदी है, जिसके लिए लोग दूर दूर से आते हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान राम ने स्वयं इस स्थान पर अपने पिता राजा दशरथ का पिंड दान किया था। तब से यह माना जाने लगा कि इस स्थान पर कोई भी व्यक्ति अपने पितरों के निमित्त पिंड दान करेगा तो उसके पितृ उससे तृप्त रहेगें और वह व्यक्ति अपने पितृऋण से मुक्त हो जायेगा। इसलिए इस स्थान को बड़ी श्रद्धा और आदर से गयाजी बोला जाता है।

### पिंडदान और तर्पणादि से पितृपक्ष में लाभ

श्राद्ध पक्ष में नियमित जो व्यक्ति तिल, जौ, अक्षत कुशा, दूध, शहद व गंगाजल सहित पिंडदान व तर्पणादि हवन करने के बाद बाम्हणों को यथाशक्ति भोजन, पफल, वस्त्र, दक्षिणा, गौ आदि का दान करता है. उनके पितर संतृप्त होकर साधक को दीर्घायु, आरोग्य, स्वास्थ्य, धन, यश, संपदा, पुत्र-पुत्री आदि का आशीर्वाद देते हैं।

### कौओं को अर्पित करें भोजन



श्राद्ध पक्ष में कौओं को आमंत्रित कर उन्हें श्राद्ध का भोजन खिलाए जाने की परंपरा है। हिंदू पुराणों ने कौओं को देव पुत्र माना गया है। भगवान श्री राम ने उसे यह वरदान दिया कि उन्हें अर्पित किया गया भोजन पितरों को मिलेगा। तभी से श्राद्ध से कौओं का विशेष महत्व माना गया है।

### पितृदोष को दूर करने करें उपाय



आचार्य पं संदीप तिवारी ने बताया कि पितरपक्ष में सभी पितर धरती पर आते हैं, और अपने परिजनों द्वारा किया गया तर्पण, पिण्डदान, ब्राह्मण, गरीब तथा गाय, स्वान, पीपिलिका (चीटी), कौवे आदि पंचचलि के माध्यम से पिण्ड के चौथे हिस्से को वाहण कर तृप्त होते हैं।

भारतीय संस्कृति ने विश्व को मातृ देवो भव, पितृ देवो भवः सिखाया है। महर्षि सुमंतु एवं अगस्त्य ने ब्रह्मवैवर्त पुराण में कहा है कि जो पुत्र अपने पितरों की तृप्ति के लिए पितृपक्ष में आद्ध और तर्पण नहीं करता, उसे दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ज्योतिष में पितृशापित, पितृदोष के रुप में लोगों के दिनचर्या, व्यापार, नौकरी आदि समी क्षेत्रों में निगेटिव प्रभाव डालता है। इसलिए पितृ पक्ष में सभी को श्रद्धा पूर्वक तर्पण और पुण्यतिथि के दिन पिण्डदान श्राद्ध कर पंचबलि और गऊ भोजन का विशेष महत्व है।

# विवि के खेलकूद की समस्याओं पर चर्चा कर किया समाधान, सेवानिवृत्त हसन का सम्मान




**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से संबंधित राजनांदगांव और दुर्ग सेक्टर के सभी शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों के क्रीड़ा अधिकारी, सहायक क्रीड़ा अधिकारी और सहायक प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा की उपस्थिति में क्रीड़ा अधिकारी स्नेह सम्मेलन और सम्मान समारोह का सफल आयोजन दुर्ग में किया गया। यह आयोजन क्रीड़ा अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय, अनुभव साझा करने और विश्वविद्यालय स्तर पर खेलों के विकास के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के लिए यह सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस आयोजन में सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारियों का सम्मान, नवनियुक्त अतिथि क्रीड़ा अधिकारियों का परिचय और सभी क्रीड़ा अधिकारियों के बीच चर्चा हुई। साथ ही विश्वविद्यालय के खेलकूद से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा, उनके समाधान और सुझाव, प्रस्तावों की प्रस्तुति तथा मनोरंजनात्मक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी महमूद हसन, खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव, वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ नरेश धर दीवान, डॉ ऋतु दुबे, डॉ. रमेश त्रिपाठी, परेश वर्मा, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, यशवंत देशमुख और अनीता, लक्ष्मणेंद्र कुलदीप, दुर्गा प्रसाद जंघेल, लोकेश्वर ठाकुर, मनीष टोप्पो, अशासकीय महाविद्यालयों से दिलीप इंगले, डॉ अजय लांजेवर, मुरली मनोहर तिवारी सहित अनेक क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारियों का स्वागत किया गया। साथ ही सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी डॉ मेहमूद हसन का शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। खेल के विकास के लिए आपस में विचार विमर्श किया गया।

# श्री सत्य साईं सेवा समिति ने मरीजों का जाना हालचाल, बांटे फल





**भिलाई।** श्री सत्य साईं सेवा समिति दुर्ग द्वारा सरकारी अस्पताल में निरंतर 23 साल से सेवा कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में यह सेवा कार्य आज सुबह 10 से 12 बजे तक दुर्ग जिला अस्पताल में किया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने अस्पताल जाकर मरीज का हाल-चाल पूछा और उन्हें जरुरत के सामान वितरित किये गए। सदस्यों ने मरीजों से बातचीत कर परेशानी जानी और ब्रेड, बिस्कुट और फल वितरित किये गये। समिति के जिला अध्यक्ष व्ही संदीप कुमार नायडू ने अस्पताल में रहने वाले मरीजों के परिजनों से भी व्यवस्था पर चर्चा की।

## 29 सितंबर तक चलाया जायेगा जागरुकता दिवस

# ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 में भारत की स्थिति चिंताजनक, 19 करोड़ लोग भूख व कुपोषण से पीड़ित, अन्न बचाओ पखवाड़े की शुरुवात

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सर्वधर्म सेवा संस्था द्वारा अन्न बचाओ पखवाड़े की शुरुवात की गई। जो अंतर्राष्ट्रीय खाद्य अपव्यय जागरूकता दिवस 29 सितंबर तक चलाया जायेगा। भिलाई निवास में आयोजित बैठक में संस्था के संरक्षक वीरेंद्र सतपथी और शहाना कुरैशी और अध्यक्ष सुरेश खांडवे द्वारा संस्था अन्न बचाओ पखवाड़े की शुरुवात की गयी। इस पखवाड़े में संस्था के सदस्यों द्वारा, सामाजिक भवनों, होटालों, विवाह समारोहों में जा कर पोस्टर और बैनर के माध्यम से भोजन बर्बाद न करने के लिए निवेदन किया जायेगा।



### 35 प्रतिशत बच्चे अविकसित और कमजोर

इस दौरान वीरेंद्र सतपथी ने कहा कि हम भली भांति जानते हैं कि देश में हर वर्ष लगभग 74–78 मिलियन टन भोजन बर्बाद होता है, जबकि दूसरी ओर करीब 19 करोड़ लोग भूख और कुपोषण से पीड़ित हैं। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 में भारत की स्थिति चिंताजनक है और देश अभी भी गंभीर श्रेणी में आता है। देश के भविष्य बच्चों में कुपोषण की दर भी काफी अधिक है। जिसमें लगभग 35 प्रतिशत बच्चे अविकसित और 18 प्रतिशत बच्चे कमजोर हैं। यह विरोधाभास दर्शाता है कि जहाँ एक ओर भोजन व्यर्थ हो रहा है, वहीं करोड़ों परिवारों को पर्याप्त भोजन तक नहीं मिल पाता। संस्था का उद्देश्य इस असमानता को घटाना है।

### डोनर कार्ड प्रदान कर किया सम्मानित

संस्था के सदस्यों ने कहा कि सामूहिक प्रयास और शासन के सहयोग से विभिन्न प्रकार से हो रही अन्न बर्बादी को रोका जा सकता है। बैठक में आशुतोष सोनी, मुनीम यादव, सीमा विश्वास को देहदान संकल्प के लिए संस्था का प्रमाण पत्र व डोनर कार्ड प्रदान कर सम्मानित कर आभार व्यक्त किया गया। इस बैठक में प्रतीक भोई, राकेश रत्नाकर, दीना सोनी, घनश्याम पांडे, रघुवंश सैनी, भेखराम साहू, गायत्री गोस्वामी, सुधा शर्मा, अरुणा शर्मा, ज्योति शर्मा, बॉबी दिलिवार, रमेश प्रजापति, अशोक सोनी, सरिता श्रीवास्तव, राकेश शर्मा सहित काफी संख्या में संस्था के सदस्य उपस्थित थे।



## सिटी इवेंट

### नयनदीप विद्या मंदिर में बच्चों ने गीत और संगीत से बांधा समां



**भिलाई।** दृष्टिबाधित छात्रो के निःशुल्क आवासीय विद्यालय नयनदीप विद्या मंदिर में रोटरी क्लब आफ भिलाई स्टील सिटी ने शिक्षक दिवस सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। क्लब अध्यक्ष अनिल सूरी और सचिव पी एस बिंद्रा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने विद्यालय की प्राचार्य श्वेता महोबिया, विद्यालय की शिक्षिका संगीता ओझा, शिक्षक अजय दुबे का शॉल, श्रीफल और उपहार भेंट किया। इस अवसर पर दृष्टि बाधित छात्रों ने शिक्षकों के सम्मान में गीत और संगीत से समां बांधा, जिससे वातावरण को प्रफुल्लित हो गया।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे रमेश पटेल ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों के आयोजन में उनको नमन करते हुए अपने विचार रखें। इस अवसर पर रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट चेयरमैन एम सी जैन, अध्यक्ष डॉ संतोष राय, वाइस-चेयरमैन सी एस बाजवा ने आयोजन की सराहना करते हुए, रोटरी ट्रस्ट की जानकारी से आमंत्रित जनों को अवगत कराया और छात्रों व शिक्षकों के उत्साह वर्धन में अपने विचार व्यक्त किया। क्लब के सदस्य पी सी लालवानी, एस सी नंदा और जानेश्वर सिंह विशेष रुप से उपस्थित थे। रोटरी क्लब भिलाई स्टील सिटी ने दृष्टिबाधित छात्रों के लिए हर समय अपनी सेवाएं देने का संकल्प लिया। आभार प्रदर्शन क्लब के सचिव पी एस बिंद्रा ने किया।

## सिटी लाइव

### शिक्षकों के सम्मान में बच्चों ने दी नृत्य-नाटिका की प्रस्तुति



**भिलाई।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर भिलाई नायर समाजम हायर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 8 में स्कूल एवं कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में नृत्य नाटिका और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि बी गधु पिल्ले थे। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों हेतु कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। उपाध्यक्ष पी. गोपालकृष्णा कुरूप ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर जनीष पिल्लै, सुभाष चंद्र, राजेन्द्रन नायर, अनिल कुमार, सोमराजन उन्नीतान, वेणुगोपाल काइमल, जे. श्रीकन्टन नायर सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शाला के हेड बॉय सुशील यादव, हेड गर्ल शिवांगी यादव, डिप्टी हेड बॉय अश्विन एस. नायर, डिप्टी हेड गर्ल अपर्णा नायक ने किया।

## सिटी इवेंट

### स्टूडेंट्स ने किया टीचर्स को सम्मानित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए आयोजित



**भिलाई।** गुरुनानक डैफोडिल स्कूल में शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्टूडेंट्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार तेजिंदर सिंह, स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष जसबीर सिंह चहल प्रमुख रूप से मौजूद थे। स्कूल की प्राचार्य नाजिया बानो ने स्कूल की गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इसके बाद शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

## सिटी इवेंट

### माता मरियम का मनाया जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ निकाली यात्रा



**भिलाई।** इस साल भी माता मरियम का जन्मोत्सव 1 सितंबर से लेकर 8 सितंबर तक सेंट मैरी चर्च सेक्टर 6 में बड़े धूमधाम से बनाया गया। जिसके अंतिम दिन सुबह साढे.7 बजे सुबह तीन फादर दवरा एक साथ प्रार्थना और पवित्र मिस्सा का पाठ किया गया। जिसका नेतृत्व फादर जोसेफ वर्गीस द्वारा किया गया। लास्ट दिन करीब डेढ़ सौ अनुयायियों ने माता मरियम का आशीष और अनुराग प्राप्त किया। जिसमें विशेष रूप से चर्च के सचिव रेजी मेथ्यू, वाइस प्रेसिडेंट सीबी अब्राहम, ट्रस्टी साजी मून, उल्लास,, साजी जोसेफ की उपस्थिति में आतिशबाजी की गई और अंत में महाप्रसाद का वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## कल से शुरू हो रही है रामकथा में महिलाओं को खुद संकल्प लेकर आना होगा कलश

# अयोध्या के राम मंदिर की झांकी रहेगी आकर्षण, 9 दिनों तक बहेगी भक्ति की धारा, कल कलश यात्रा

**भिलाई।** गणेश पक्ष के बाद पितृ पक्ष में ट्विनसिटी में एक बार फिर से भक्ति की अविरल धारा बहने वाली है। आईटीआई ग्राउंड में भिलाई 12 से 20 सितंबर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रामकथा वाचक राजन महाराज के श्रीमुख से भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के एक दिन पहले गुरुवार को भव्य कलश यात्रा जोन 1 शिवालय प्रांगण से कथा स्थल तक दोपहर 2 बजे निकाली जायेगी। इस विशाल आयोजन की तैयारियां लगभग अंतिम चरण पर है। प्रशासन के लोग यातायात व्यवस्था में लगे हुए है।



### वाटर प्रूफ डोम शेड के साथ बनेंगे दो पंडाल



कल निकलने वाली कलश यात्रा में सभी महिलाओं को लाल या पीली साड़ी धारण कर खुद का कलश लाना होगा ताकि अपने सुसंकल्प और भाव के साथ कलश को धारण कर सकें। कार्यक्रम स्थल पर 100 बाई 300 सौ वर्गफीट फीट का एल्युमिनियम का वाटर प्रूफ डोम शेड बनाया गया है। साथ ही कथा स्थल मंच पर अयोध्या के राम मंदिर की झांकी मध्य प्रदेश के कारीगरों दवरा बनाई जा रही है, जो लोगो के आकर्षण का केंद्र रहने वाली है। कथा स्थल पर 3 द्वार बनाए गये है। जिसमें समिति के लगभग 2 सौ से अधिक वालेंटियर्स सेवा देंगे।

### कलश यात्रा का होगा स्वागत

सुप्रसिद्ध कथावाचक राजन महाराज की रामकथा का आयोजन 12 सितंबर से प्रारंभ होगा। कथा से पहले 11 सितंबर को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा सुबह 10 बजे शिवालय मंदिर प्रांगण जोन 1से निकलकर मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुँचेगी। इसमें सैकड़ों महिलाएँ सिर पर कलश धारण कर चलेंगी। साथ ही आकर्षक झांकियाँ और भजन मंडलियाँ भी शामिल होंगी। रामकथा के दौरान शहर में भक्ति का माहौल बनने वाला है। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं कलश लेकर नगर भ्रमण करेंगी और शोभायात्रा के साथ माहौल भक्तिमय बनेगा। आयोजकों ने बताया कि कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। जिससे शहर का माहौल भक्ति और आस्था से सराबोर होने जा रहा है। आयोजक मंडल जीवन आनंद फाउंडेशन भिलाई की ओर से जानकारी देते हुए जिला भाजपा कोषाध्यक्ष विनोद सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में भक्ति, आस्था, सेवा और सद्भाव का संदेश फैलाना है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा न केवल धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह जीवन की दिशा बदलने वाली दिव्य अनुभूति है। भिलाईवासियों को इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनना चाहिए।

**हर वर्ग के श्रद्धालु लेंगे कथा का लाभ :** राजन महाराज अपने अद्भुत वाणी और गहन व्याख्यान से लाखों श्रोताओं के हृदय को स्पंदित कर चुके हैं। उनके श्रीमुख से होने वाली कथा हर वर्ग और हर आयु के श्रोताओं को आत्मिक शांति एवं जीवन के लिए प्रेरणा प्रदान करती है। आयोजकों का कहना है कि 12 से 20 सितंबर तक होने वाला यह आयोजन न केवल भिलाई बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के धार्मिक मानचित्र पर एक ऐतिहासिक अवसर होगा।

### जगह-जगह कलश यात्रा का होगा स्वागत

विनोद सिंह ने बताया कि कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है। 9 दिवसीय रामकथा के शुभारंभ से



पहले निकाली जा रही कलश यात्रा में महिलाएँ, श्रद्धालु और भजन मंडलियाँ उत्साहपूर्वक शामिल होने रजिस्ट्रेशन करवा रही हैं। जगह-जगह श्रद्धालु कलश यात्रा का स्वागत करेंगे। आयोजन समिति का कहना है कि कथा स्थल पर सभी श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की गई है। श्रीराम कथा प्रवचनकथा स्थल पर प्रतिदिन भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### भूमि पूजन में शामिल हुए श्रद्धालु

3 सितंबर को कार्यक्रम के लिए विधिवत भूमि पूजन विद्वान पंडितों दवरा मंत्रोच्चार के साथ किया गया था। भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक रिकेश सेन, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, व्यवसायी इंद्रजीत सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु और रामभक्त उपस्थित थे।

## पनिका समाज ने मनाई तीज मिलन

### छत्तीसगढ़ी संस्कृति, परम्परा और रीति-रिवाज को बचाने दी नाट्य प्रस्तुति



**भिलाई।** मानिकपुरी पनिका समाज भिलाई की महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से तीज मिलन सेलिब्रेट किया गया। इस दौरान समाज की महिलाओं में प्रेम, सद्भावना के साथ एकता की मिसाल दिखाई दी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परम्परा और रीति रिवाज को बचाने का संदेश दिया गया।

कबीर मंदिर और मानिकपुरी पनिका समाज सामुदायिक भवन रुआबांधा भिलाई में आयोजित तीज मिलन में कार्यक्रम में रिसाली महापौर शशि सिन्हा, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, सांसद पत्नी रजनी बघेल, झमित गायकवाड़ जनपद सदस्य दुर्ग, छत्तीसगढ़ी लोकगायिका रजनी रजक, एमआईसी मेंबर जमुना ठाकुर, ममता यादव, सविता ढवस पार्षद तालपुरी, सारिका साहू पार्षद रुआबांधा, डा.सीमा साहू प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने तीज महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए समाज की महिलाओं को संगठित होकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान विभिन्न गेम्स में बतौर निर्णायक कवियित्री सीमा साहू, पिंकी सिन्हा मौजूद थी। ममता गोस्वामी, चन्द्रकला तारण प्रदेश अध्यक्ष महिला मातृ संगठन छग सहित मानिकपुरी पनिका समाज, कल्पना, यामिनी, सविता भिलाई, दुर्ग और आसपास क्षेत्र के समाजिक महिलाएं उपस्थित रहींइस अवसर पर सामाजिक महिलाओं द्वारा गीत, नृत्य, नाटक, तीज क्वीन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। तीज क्वींन प्रतियोगिता में मंजू सूरज मानिकपुरी तीज क्वीन बनीं। एकल गीत में अर्चना प्रथम, रानी द्वितीय, रेनु तृतीय रही। सोलो डांस प्रतियोगिता में रानी प्रथम, ईश्वरी द्वितीय, तृतीय मंजू, सामूहिक नृत्य में प्रथम लक्ष्मी, अर्चना, आरती, भूमिका, निर्मला, द्वितीय प्रेमलता, अरुणा, सावित्री, तृतीय संतोषी, उमा, शकुन, मनीषा, चांदनी विजेता रहीं। नाटक में बबीता, देवकी,रानी, भूमिका, निर्मला ने वर्तमान में बेटियों की सुरक्षा की थीम पर नाटक की प्रस्तुति देते हुए बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का संदेश दिया। नाटक में सभी पात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। मंच संचालन आशा दास ने किया।

## विस अध्यक्ष निवास पर पुस्तक का विमोचन

### डॉ. परदेशीराम वर्मा द्वारा लिखित आत्मकथा 'सुरंग के उस पार' विमोचित



**भिलाई।** साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा लिखित सुरंग के उस पार आत्मकथा का विमोचन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निवास में पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर चर्चा गोष्ठी का आयोजन अगासदिया ने किया। डॉ. परदेशीराम वर्मा लिखित आत्मकथा विमोचन के अवसर पर विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रतिपक्ष के नेता डॉ. चरणदास महंत एवं राजमाता फुलवा देवी प्रमुख रूप से मौजूद थीं। डॉ. रमनसिंह ने कहा कि डॉ. परदेशीराम वर्मा का जीवन संघर्ष और कठिनाइयों के सुरंग से निकलने का साहस प्रेरणास्पद है। उन्होंने अठारह वर्ष की उम्र में 1965 में प्रथम श्रेणी में बायलाजी लेकर हायर सेकंडरी परीक्षा पास करने के बाद शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज रायपुर में दाखिला लिया। इस दृष्टि से वे मुझसे पांच वर्ष सीनियर हैं। अकाल के कारण वे पढ़ाई छोड़कर फौज में चले गए। देवदास बंजारे जी के साथ मुझसे मिलने रायपुर आ रहे थे कि दुर्घटनाग्रस्त हो गए। फिर भी वे छत्तीसगढ़ और देश की सेवा करते हुए लगातार लिख रहे हैं। वे मेरे अत्यन्त प्रिय लेखक हैं। अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि डॉ. परदेशीराम वर्मा छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना करते हुए लेखन में आगे ही आगे बढ़ते गए। माटी के प्रति प्रेम देखकर मुझे लगता है कि इनका नाम माटीराम होना चाहिए। फुलवा देवी कांगे ने कहा कि परदेशीराम जी 2007 से हमारे परिवार से जुड़े। उनके जुड़ने के बाद हमारा गांव बघमार मांझीधाम के रूप में चर्चित हुआ।

**अगासदिया ने विमोचन के अवसर पर की चर्चा गोष्ठी का आयोजन**

## सैय्यदी सुन्नी जामा मस्जिद मजार कमेटी भिलाई-तीन में हुआ आयोजन

कार्नर न्यूज

# उच्च शिक्षा और उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित कर की हौसला अफजाई, दिखी कौमी एकता की मिसाल

**भिलाई।** जश्ने ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर सैय्यदी सुन्नी जामा मस्जिद मजार कमेटी भिलाई-तीन में समाज द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्र से प्रमुख लोगों का सम्मान किया गया, वहीं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अध्ययनरत युवाओं की भी हौसला अफजाई की गई। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर भी कमेटी की ओर से लगाया गया। दरगाह शरीफ परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में पैगंबर हज़रत मुहम्मद की दुनिया में आमद पर विभिन्न लोगों ने विचार व्यक्त किए। मस्जिद मजार कमेटी के सदर रुस्तम खान ने अपने स्वागत भाषण में आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला।



### बच्चों को किया पुरस्कृत



इस अवसर पर एमबीबीएस में चयनित जोया खान और नजब तबस्सुम, इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में चयनित रुहमैशा अहमद और 10 वीं में 90 फीसदी लाने वाले अब्दुल रूहान को अतिथियों ने सम्मानित किया। कमेटी की ओर से उन्हें प्रोत्साहन राशि स्वरूप नगद इनाम भी दिए गए। वहीं समाजसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों से जमील खान, हरगोविंद सिंह, डा. नौशाद सिद्दीकी, मोहम्मद फारुक, कदीर रजा, नात खां हाफिज नसीम खान, डा. असलम, मनीष चंद्राकर और मुहम्मद जाकिर हुसैन का कमेटी ने सम्मान किया। आयोजन में महासचिव नसीम खान, रईस अहमद, तौहीद खान, मोहम्मद आरिफ, तौसीफ रजा, इमरान मोहम्मद, अबुल हसन, जफर अब्बास, मोहम्मद हाशमी और लतीफ सहित अन्य लोग उपस्थित थे। समारोह का संचालन हमीद अहमद शाह ने किया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष रूस्तम खान, सेक्रेटरी रईस अहमद, अबुल हसन,नसीम खान, मौलाना सैफुल्लाह, मो आरिफ, मो हाशिम, मो तौसीफ, अजहर खान, अब्दुल हुसैन, तौहीद खान, मो फारुख, मो रियाज, मो फारुख, मो मेराज अहमद खान और जुनैद खान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे।

### उभरती हुई प्रतिभाओं को किया सम्मानित

विशिष्ट अतिथि भिलाई-तीन थाना प्रभारी अंबर सिंह राजपूत ने प्रतिभावान लोगों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि ये हमारे भविष्य के नागरिक अपनी मेधा के दम पर एक बेहतर समाज का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि यहां सम्मान समारोह के साथ-साथ सभी समाज और समुदायों को जोड़ने की कोशिश हो रही है, वह तारीफ के काबिल है। समाजसेवी सुजीत बघेल ने कहा कि उभरती हुई प्रतिभाओं को सम्मानित करना सराहनीय पहल है। वहीं दरगाह परिसर में कौमी एकता की जैसी उत्कृष्ट मिसाल देखने मिलती है, वह अनुकरणीय है। इमाम हाफिज अकील ने बताया कि पैगम्बर हजरत मुहम्मद ने दुनिया में इंसानियत को अल्लाह तक पहुंचने का सच्चा मार्ग है,जिससे लोग अल्लाह को पा सके। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ बीईटीओ सैय्यद असलम ने कहा कि नबी की पाकीजा जिंदगी अपनाने से दुनिया में बेहतरीन समाज बना, लोग अल्लाह की इबादत की तरफ रुजू हुए, आपस में इंसाफ क़ायम हुआ और औरतों को इज्जत मिली।

## सिटी स्पोर्ट्स

### विश्व म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे बस्तर के युवराज



**रायपुर।** आईएफएमए वर्ल्ड म्यू थाई चैम्पियनशिप अबूधाबी (यू ए ई) में 10 से 20 सितंबर तक होने जा रही है। जिसमें जगदलपुर बस्तर निवासी 17 वर्षीय युवराज सिंह राजपूत को भारत का प्रतिनिधित्व करने का सुअवसर मिला है। भारतीय म्यू थाई दल मलेशिया में आयोजित इस प्रतियोगिता मे भाग लेने 10 सितंबर को अबू धाबी के लिए रवाना होगा। युवराज समूचे छत्तीसगढ़ से चयनित एकमात्र खिलाड़ी हैं। युवराज के पिता राजेन्द्र सिंह राजपूत भारतीय म्यू थाई दल के सहायक अधिकारी के रूप में अबू धाबी (यू ए ई) जा रहे हैं। चूंकि युवराज नाबालिग है अतः पिता को युवराज के साथ जाने की अनुमति दी गई है। 24 सदस्यीय भारतीय म्यू थाई दल में 18 खिलाड़ी, 01 कोच, 02 निर्णायक, 02 ऑफिशियल और 01 नेशनल फेडरेशन ऑफिसियल शामिल हैं। नेशनल फेडरेशन ऑफिशियल के रूप में भारतीय म्यू थाई दल फेडरेशन यूएमएआई के महासचिव श्रीराम चौधरी के नेतृत्व में भारतीय म्यूथाई दल अबूधाबी जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य म्यू थाई संघ के समस्त पदाधिकारियों एवँ खिलाड़ियों को विश्वास है कि युवराज सिंह इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में भारत के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर आगामी अक्टूबर माह में ओसीए द्वारा आयोजित एशियन यूथ गेम्स बहरीन में भाग लेने वाले भारतीय म्यूथाई दल में चयनित होकर बस्तर अंचल और छत्तीसगढ़ को अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में प्रतिस्थापित करेंगे। युवराज सिंह के चयन पर छत्तीसगढ़ एमेच्योर म्यूथाई एसोसिएशन के संरक्षक और प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, राज्य म्यूथाई के पदाधिकारियों, कोच सहित खेल प्रेमियों ने अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी है। छत्तीसगढ़ एमेच्योर म्यू थाई एसोसिएशन के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने यह जानकारी दी।

### त्रिपुरा के विरुद्ध शशांक ने लिए 3 विकेट



**रायपुर।** कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा डॉ. के थि म मा पी या ह मेमोरियल आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 04 सितंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का दूसरा मैच (09 - 12 सितंबर) बैगलुरु, कर्नाटक में त्रिपुरा के विरुद्ध खेला गया। मंगलवार को पहले दिन त्रिपुरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले दिन की समाप्ति तक त्रिपुरा ने अपनी पहली पारी में 84 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 237 रन बना लिये है। त्रिपुरा की ओर से ऋतुराज घोष रॉय ने सर्वाधिक 63 रन बनाये। दिन के अंत तक शुभम घोष 43 रन तथा विक्रम देवनाथ 31 रन बनाकर क्रीज पर जमें हुये है। छत्तीसगढ़ की ओर से शशांक तिवारी ने 3 विकेट लिए जबकि वासुदेव बरेठ तथा शाहबान खान ने 1-1 विकेट लिए। पहले दिन की समाप्ति तक त्रिपुरा ने अपनी पहली पारी में 237 रन बना लिये है।

### महिला क्रिकेट में ऐश्वर्या का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से सीनियर वुमेंस इंटर स्टेट टी-20 अभ्यास मैच में छत्तीसगढ़ सहित गोवा, हिमाचल प्रदेश और गुजरात की टीमें हिस्सा ले रहीं है। मंगलवार को छत्तीसगढ़ का पहला मैच हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध अहमदाबाद में खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 128 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से ऐश्वर्या सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये 31 रन तथा तरन्नुम पठान ने 29 रनों का योगदान दिया। हिमाचल प्रदेश की ओर से सुष्मिता कुमारी ने 2 विकेट प्राप्त किये। 129 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमाचल प्रदेश 20 ओवरों में 10 विकेट खोकर 97 रन ही बना सकी। हिमाचल प्रदेश की ओर से मोनिका देवी ने सर्वाधिक 25 रन तथा देवांशी वर्मा ने 18 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से महक नरवसे ने 3 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 31 रनों से जीत लिया।

### चाहते हैं स्वस्थ रहें बच्चे, बेहतर तरीके से हो विकास, तो जान लीजिए ये जरूरी बातें

# बच्चों की सेहत के लिए रहें हमेशा सतर्क, नियमों का पालन कर नन्हे-मुन्नों को बनाइए तंदुरुस्त

स्वस्थ बचपन को बेहतर भविष्य का आधार माना जाता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ बच्चों के आहार पर विशेष ध्यान देते रहने की सलाह देते हैं। नवजात को मां के दूध और दो साल से अधिक उम्र के बच्चों को नियमित रूप से आहार का माध्यम से तमाम प्रकार के विटामिन्स-मिनरल्स और अन्य पोषक तत्वों की जरूरत होती है। पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ बच्चों के विकास के साथ भविष्य में उन्हें कई प्रकार की गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने में मददगार हो सकते हैं।

बच्चों के लिए पोषण वयस्कों के पोषण के समान जरूरी है। नियमित रूप से आहार के माध्यम से विटामिन्स, खनिज, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा का सेवन उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी माना जाता है। अमेरिका में नवीनतम आहार दिशानिर्देशों के अनुसार बच्चों को पौष्टिक चीजें तो खिलानी ही चाहिए साथ ही चीनी, संतृप्त वसा या



नमक वाली चीजें कम से कम दें।

हमारे दैनिक जीवन में पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सितंबर महीने को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। आइए पोषण विशेषज्ञ से समझते हैं कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए क्या चीजें जरूरी हैं।

ऐसा होना चाहिए आहार

पोषण विशेषज्ञ पारुल शर्मा एक पोस्ट में लिखती हैं, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने की शुरुआत बचपन से ही हो जाती है। इसलिए जरूरी है कि रोजाना आहार में हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल जरूर शामिल हों। रंग-बिरंगी सब्जियां, साबुत अनाज जैसे कि गेहूं की रोटी, दलिया, पॉपकॉर्न, क्विनोआ को आहार का हिस्सा बनाएं। रोजाना दूध और दही बच्चों को जरूर दें।



#### ये पोषक तत्व बहुत जरूरी


बच्चों के शरीर में ऊतकों के निर्माण और मरम्मत के लिए प्रोटीन आवश्यक होता है। यह मांसपेशियों, त्वचा, बाल, और नाखूनों के विकास में मदद करता है। इसके लिए दालें, दूध, दही, अंडे, मांस, मछली और नट्स का जरूर सेवन किया जाना चाहिए।

प्रोटीन की ही तरह कैल्शियम वाली चीजें भी अच्छी सेहत के लिए जरूरी मानी जाती हैं। कैल्शियम हड्डियों और दांतों की मजबूती के लिए जरूरी होता है। यह बच्चों के शारीरिक विकास और लंबाई बढ़ने में भी सहायता करता है।




#### मस्तिष्क और पाचन कैसे रखें ठीक

बच्चों के मस्तिष्क के विकास के लिए ओमेगा-3 बहुत जरूरी है। ओमेगा-3 फैटी एसिड के लिए मछलियों और नट्स को आहार में शामिल करें। यह बच्चों के मस्तिष्क को स्वस्थ रखने, सीखने और याददाश्त को बेहतर बनाने में मदद करता है। मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका तंत्र की बीमारियों के खतरे से बचाने के लिए भी ये जरूर है। इसी तरह आयरन वाली चीजें बच्चों के रक्त में हीमोग्लोबिन के निर्माण में मदद करती हैं, इससे एनीमिया का खतरा कम होता है।



## मोटापा कम करने के लिए रोज टहलें या दौड़ें?



वजन कम करने के लिए सुबह के वक्त दौड़ना या पैदल टहलना दोनों ही लाभकारी हो सकता है। रनिंग और वॉकिंग दोनों शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। लेकिन सवाल है कि वजन घटाने के लिए रनिंग और वॉकिंग में ज्यादा फायदेमंद क्या है। शरीर को फिट और सेहतमंद रखने के लिए रोजाना सुबह पैदल टहलने या रनिंग की सलाह दी जाती है। कई लोग वॉक पर जाते हैं, तो कुछ रनिंग करते नजर आ जाते हैं। हालांकि कई लोग इस बात को लेकर असमंजस में रहते हैं कि वॉक करने से ज्यादा जल्दी वजन कम होता है या दौड़ लगाने से जल्दी मोटापा घटता है। अगर आप भी वजन घटाना चाहते हैं लेकिन कंफ्यूज हैं कि सुबह वॉक पर जाएं या रनिंग पर तो दोनों के अंतर और उनके फायदे व नुकसान के बारे में जान लें।

#### वजन घटाने के लिए क्या करें?

वजन कम करने के लिए सुबह के वक्त दौड़ना या पैदल टहलना दोनों ही लाभकारी हो सकता है। रनिंग और वॉकिंग दोनों शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। लेकिन सवाल है कि वजन घटाने के लिए रनिंग और वॉकिंग में ज्यादा फायदेमंद क्या है।

#### रनिंग से कितनी कैलोरी बर्न होती है



वजन कम करने के लिए शरीर में जमा कैलोरी को बर्न किया जाता है। दौडने या पैदल चलने में से ज्यादा कैलोरी कैसे बर्न हो सकती है, ये जानकर आप वजन घटाने के लिए ज्यादा प्रभावी तरीका अपना सकते हैं। रोजाना पैदल चलने की तुलना में दौड़ने से ज्यादा कैलोरी बर्न होती है। अगर आपका वजन 72 किलो है तो 10 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ लगाने से आपका वजन कम हो सकता है।

#### रनिंग की शुरुआत वॉक से करें

वैसे तो चलने की बजाय दौड़ने से दोगुनी तेजी से कैलोरी बर्न करने में मदद मिलती है लेकिन इसकी शुरुआत आपको हमेशा वॉक से ही करनी चाहिए। पैदल चलते हुए अपनी स्पीड को तेज करें। जब आपकी चलने की स्पीड बढ़ जाए तो रनिंग करना शुरू करें। इससे शरीर की चर्बी आसानी से घटेगी। जितना तेज़ आप दौड़ेंगे, उतनी ज्यादा कैलोरी को बर्न किया जा सकता है। हालांकि रनिंग नियमित रूप से करें।

#### पैदल चलकर कैसे घटाएं वसा?

वहीं प्रति घंटे की रफ्तार से 5 मील चलने की आदत को रूटीन में शामिल करें। इसे पावर वॉकिंग कहते हैं। इस तरीके से दौड़ने जितनी कैलोरी बर्न की जा सकती है। ध्यान रखें कि अगर आपका वजन बहुत ज्यादा है तो रोजाना वॉक पर जाएं। ये हृदय की सेहत और स्टेमिना को मजबूत बना सकता है।

### राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप कल से भिलाई में

## आईआईटी मद्रास के सॉफ्टवेयर से परखेंगे नौजवानों का योग कौशल

**भिलाई।** छठवीं राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 सीनियर व सीनियर 'अ' का आयोजन 11 सितंबर से 14 सितंबर तक अग्रसेन भवन सेक्टर 6 भिलाई में किया जा रहा है। जिसमें देश भर के 32 राज्यों के 800 से ज्यादा प्रतिभागी अपने योग कौशल का प्रदर्शन करेंगे। छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती ने बताया कि आयोजन का मकसद छत्तीसगढ़ की जनता को योग के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ देश और दुनियाभर में योग को एक प्रमुख खेल विधा के तौर पर स्थापित करने का है।



■ जुटेंगे देश भर के 800 से ज्यादा प्रतिभागी, उद्घाटन होगा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन के हाथों

उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह 11 सितंबर गुरुवार को सुबह 11:00 बजे अग्रसेन भवन सेक्टर 6 में आयोजित है। जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह होंगे और अध्यक्षता दुर्ग सांसद विजय बघेल करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, वर्ल्ड योगासन एवं योगासन भारत के महासचिव तथा हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर जयदीप आर्य, नगर पालिका निगम धमतरी के महापौर जगदीश रामू रोहरा, दुर्ग महापौर अलका बाघमार, भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास, पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास के सहराज्य प्रभारी अनूप बंसल और समाजसेवी एवं उद्योगपति विजय कुमार गुप्ता होंगे।

#### देश भर से 80 निर्णायक करेंगे फैसला

छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती ने बताया कि समूची योग प्रतियोगिता अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित होगी। जिसमें आईआईटी मद्रास के तैयार किए हुए सॉफ्टवेयर के आधार पर सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन को परखा जाएगा। इस सॉफ्टवेयर से हर प्रतिभागी की सूक्ष्म से सूक्ष्म गतिविधियां भी निर्णायक देख सकते हैं। जिसमें विशेष तौर पर प्रदर्शन के दौरान प्रतिभागियों का संयम, उनकी शारीरिक हलचल और एकाग्रता को देखा जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला एवं पुरुष वर्ग में यह प्रतियोगिता तीन आयु समूह में आयोजित है जिसमें 18 से 28, 29 से 35 और 36 से 42 वर्ष आयु समूह शामिल है। प्रतियोगिता में कुल 12 इवेंट रखे गए हैं। इन प्रतिभागियों का प्रदर्शन देखने निर्णायक के तौर पर 80 विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे।

इन सभी निर्णायकों को देश के 30 अलग-अलग राज्यों से विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है जिससे प्रतिभागियों के प्रदर्शन में निर्णय के दौरान विविधता एवं पारदर्शिता बनी रहे। श्री भारती ने बताया कि अगले वर्ष जापान में होने वाले एशियाई खेलों में योग को शामिल किया जा रहा है ।

### कैसरोल में चावल रखने का जान लें सही तरीका, भाप के पानी से नहीं होंगे खराब



कैसरोल का उपयोग लोग खाना को लंबे समय के लिए गर्म रखने के लिए किया जाता है। लेकिन खाना के गर्माहट का भाप ढक्कन में इकट्ठा हो जाता है, जो पानी बनके चावल के ऊपर जम जाता है। कैसरोल का उपयोग हम सभी गर्म रोटी, चावल और सब्जी को अधिक समय तक गर्म रखने के लिए करते हैं। कैसरोल में खाना रखने से वह लंबे समय तक गर्म तो होता है, लेकिन खाना के गर्माहट से निकलने वाले भाप के कारण चावल गिला हो जाता है। ऐसे में चावल में भाप का पानी इकट्ठा हो जाता है, जो चावल के पूरे स्वाद को बिगाड़ देता है। इसलिए आज हम आपके लिए कुछ ऐसे ट्रिक लेकर आए हैं, जिससे चावल लंबे समय तक गर्म भी रहेगा और भाप का पानी भी इकट्ठा नहीं होगा।

#### कैसरोल में चावल रखते वक्त इन बातों का रखें ध्यान

चावल को अच्छी तरह से धो लें ताकि एक्स्ट्रा स्टार्च निकल जाए।चावल को सही मात्रा में पानी में पकाएं। आमतौर पर 1 कप चावल के लिए 2 कप पानी पर्याप्त होता है।चावल को ढककर पकाएं लेकिन बीच-बीच में जांचते रहें, ताकि वे अधिक न पके।अच्छे से पकाने के बाद उसके पानी को अच्छे से निथार लें और फिर उसे Casserole में रखें।अतिरिक्त पानी निकाल लें:चावल पकने के बाद उसे छानकर एक्सट्रा पानी निकाल दें।

कार्नर न्यूज

### रविशंकर स्टेडियम में पूरी हुई दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन की चयन प्रक्रिया

# सलेक्शन मैच और बोर्ड टूर्नामेंट के लिए चुने गए डीडीसीए के क्रिकेटर

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ रायपुर के खेल कैलेंडर 2025 निर्देशानुसार, दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) द्वारा सत्र 2025 के अंडर 23 एवं सीनियर के क्रिकेट खिलाडियों का ट्रायल 7 सितंबर को 9:00 बजे सुबह पं रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में रखा गया 1 ट्रायल में दुर्ग जिला के विभिन्न जगह – दुर्ग, भिलाई, बालोद, रायपुर, दल्ली-राजहरा, कुम्हारी, पाटन, अंडर 23 के 27 खिलाडियों ने एवं सीनियर के 17 खिलाड़ियों ने ट्रायल्स में भाग लिया 1 अंडर-23 एवं सीनियर के चयनित खिलाड़ी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के ट्रेनिंग कैंप, सिलेक्शन मैच एवं बोर्ड टूर्नामेंट में भाग लेंगे 1 अंडर-23 के चयनित खिलाडियों की सूची में रंजन कुमार, आयुष हिमांशु, स्वयं पाण्डेय, मृत्युंजय शर्मा, शाओलिन बर्मन, तिमांशु साहू, राजा साहिल, आयुष सिंह, जितेश चौहान, निखिल शर्मा, कृष मैत्री, ऋत्विक ठाकुर, विजय प्रताप यादव, चेतन सोनकर, संदीप सिंह और सूरज शामिल हैं।



वहीं सीनियर के चयनित खिलाडियों में अतुल सोनी, आकाश सिंह, फरदीन हुसैन, संजीत पासवान, ऐश्वर्या मार्य, आशुतोष पांडे, दिलराज भाटिया, योगेंद्र कुमार, आफताब हक, आकांशु क्वार्ट, सजल चंद्राकर, विप्लव पाँचभाई, योगेश साहू और अमन साहू शामिल हैं।

यह चयन छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के आब्जर्वर मोहम्मद तस्लीम, सचिव प्रमोद पारख, मुख्य चयनकर्ता आशीष सूर्यवंशी, चयनकर्ता, शमीम मिर्ज़ा, गुरमीत भोगल, ट्रायल कोऑर्डिनेटर सुरेश साहू, प्रफुल पारख, ओम साहू, देवेंद्र कौशिक, कौशल वर्मा कोच-ट्रेनर इन्दर कौर, कोंडल राव, रवि चौबे, भारत सोनी, राकेश साहू और मो. रिजवान की देख रेख में किया गया 1

#### अंडर -16 वर्ग के खिलाडियों का ट्रायल 14 को

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ रायपुर के कैलेंडर-अनुसार, दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) द्वारा रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में - सत्र 2025 के अंडर 16 वर्ग खिलाड़ियों का ट्रायल 14 सितंबर को सुबह 8.30 से 12:00 बजे रविशंकर स्टेडियम, दुर्ग में किया जायेगा । चयनित खिलाड़ी क्रिकेट बोर्ड- बीसीसीआई, सीएससीएस एवं डीडीसीए के टूर्नामेंट, ट्रेनिंग कैम्प तथा सिलेक्शन मैच में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगें । ट्रायल्स से संभावित खिलाडियों का चयन चयनकर्ताओं तथा आब्जर्वर , छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ रायपुर की देख रेख में किया जायेगा । अंडर 16 वर्ग के खिलाडियों का चयन उनके क्रिकेट कौशल - बैटिंग, बॉलिंग एवं विकेट कीपिंग, तथा फील्डिंग एवं फिजिकल टेस्ट के आधार पर लिया जाएगा । जिला टीम का चयन फिटनेस - सिलेक्शन मैच के आधार पर किया जायेगा । ट्रायल्स में भाग लेने अंडर 16 के अंतर्गत 1/9/2010 से 1/8/2012 में जन्मे ख़िलाड़ी भाग ले सकतें है । ट्रायल्स के दौरान रजिस्ट्रेशन फॉर्म एवं शुल्क, डिजिटल / मैन्युअल जन्म प्रमाण फोटोकॉपी,स्कूल मार्कशीट विगत 6 साल, बैंक पासबुक, पैन कार्ड की फोटोकॉपी, नवीन पासपोर्ट कलर फोटो की आवश्यकता होगी। अन्य जिला से ट्रान्सफर खिलाडियों का नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट और क्रिकेट गणवेश व किट के साथ उपस्थित होना होगा। डीडीसीए के उपाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जॉनसन के वजन से हर कोई शॉक्ड, लोग बोले- चट्टान से कंकड कैसे बन गए



हॉलीवुड सुपरस्टार और फॉर्मर रेस्लिंग आइकन ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन ने वेनिस फिल्म फेस्टिवल में अपने ट्रांसफॉर्मेशन से दुनिया भर के फैंस को चौंका दिया हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूआई और हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अपनी लार्जर-दैन-लाइफ इमेज बनाने में दशकों लगाने वाले इस अभिनेता का वज़न एक बार फिर कम हो गया है। उन्हें देखकर पहचानना भी मुश्किल हो गया है। बता दें कि ड्वेन ₹द रॉक₹ जॉनसन ने 1 सितंबर को वेनिस फिल्म फेस्टिवल 2025 के रेड कार्पेट पर कदम रखते ही सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। अपनी मस्कुलर बॉडी के लिए मशहूर इस हॉलीवुड स्टार ने अपनी बेहद दुबली-पतली काया से फैंस को शॉक्ड कर दिया। ब्लू कलर की बटन-अप शर्ट और ब्लैक ट्राउजर पहने जॉनसन काफी स्लिम लग रहे थे। उनके साथ उनकी को-एक्ट्रेस एमिली ब्लंट भी थीं। ये जोड़ी फिल्म ₹द स्मैशिंग मशीन₹ में नजर आएगी। रिपोर्टों के अनुसार, एक्टर ने मच अवेटेड बायोपिक 'द स्मैशिंग मशीन' की तैयारी के तहत लगभग 60 पाउंड वजन कम किया है, जो उनके 300 पाउंड से घटकर लगभग 240 पाउंड रह गया है। इस फ़िल्म में जॉनसन दिग्गज फाइटर मार्क केर की भूमिका में नज़र आ रहे हैं, एक ऐसा किरदार जिसके लिए अभिनेता को एक ड्रामैटिक फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन से गुज़रना पड़ा। जॉनसन ने वेट लॉस के लिए अपने हाई कैलोरी डाइट को हाई-प्रोटीन, लेस शुगर डाइट में बदलने के बारे में भी बात की, जिससे उनके वर्कआउट रूटीन में सुधार हुआ। वहीं अब फैंस ड्वेन जॉनसन के वेटलॉस को लेकर मजेदार कमेंट भी कर रहे हैं। एक ने लिखा, "चट्टान से कंकड़ तक?

### टॉलीवुड

## 'मां सीता के लिए कास्टिंग खराब है' यूजर्स के निशाने पर आईं साई पल्लवी



भारी-भरकम बजट में बन रही 'रामायणम्' फिल्म में साई पल्लवी नजर आने वाली हैं। वो हाल ही में एक इवेंट में शामिल हुईं। उनका वीडियो वायरल हो रहा है। फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं तो कई यूजर्स नितेश तिवारी की फिल्म में उनकी कास्टिंग को लेकर सवाल कर रहे हैं।

साउथ की फेमस एक्ट्रेस साई पल्लवी हाल ही में एक अवॉर्ड शो में नजर आईं। उनके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। कुछ उनकी सादगी की तारीफ कर रहे हैं तो किसी को 'रामायणम्' में माता सीता के लिए उनकी कास्टिंग पसंद नहीं आ रही है। उनके वीडियो पर सभी के मिले-जुले रिएक्शन आ रहे हैं। साई पल्लवी के वायरल वीडियो पर यूजर्स ने खूब रिएक्ट किया है। एक ने कहा, 'पुरानी रामायण बेस्ट है।' दूसरे ने कहा, 'मां सीता के लिए इससे बुरा कोई विकल्प नहीं हो सकता।' अन्य ने कहा, 'मां सीता के लिए बेजान चेहरा अच्छी पसंद नहीं है! कास्टिंग बहुत खराब है।' हालांकि, साई पल्लवी के फैंस उनके सपोर्ट में हैं। उनका कहना है कि वो बहुत प्यारी दिख रही हैं और 'रामायण' में मां सीता के रोल के लिए परफेक्ट हैं। 'रामायणम्' फिल्म के बारे में बता दें कि इसका डायरेक्शन नितेश तिवारी कर रहे हैं और स्क्रिप्ट श्रीधर राघवन ने लिखा है। फिल्म में रणबीर कपूर राम के किरदार में हैं। इनके अलावा यश, रवि दुबे, सनी देओल, अमिताभ बच्चन, अरुण गोविल, लारा दत्ता, काजल अग्रवाल, रकुल प्रीत सिंह, कुणाल कपूर, शीबा चड्ढा, इंदिरा कृष्णन और शोभना हैं। इस फिल्म का बजट भारी-भरकम है। इसे 4 हजार करोड़ से 4500 करोड़ रुपये में बनाया जा रहा है। ये दो पार्ट में रिलीज होगी।

### छॉलीवुड

## सस्पेंस थ्रिलर 'खारून पार' 12 को बड़े पर्दे पर, दर्शकों को बेसब्री से इंतजार



व्यक्ति की मानसिक स्थिति समाज पर कैसा प्रभाव डालती है? इसे आधार बनाते हुए बनी छत्तीसगढ़ की पहली संस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'खारून पार' आगामी 12 सितंबर को छत्तीसगढ़ के 50 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस संबंध में स्टार कास्ट और प्रोडक्शन टीम के सदस्यों ने बताया कि यह कहानी में 5 लोगों की अलग अलग कहानी को एक स्थान पर लाकर जोड़ती है और फिल्म के अंत तक कायम सस्पेंस लोगों को बांधे रखता है। टीम ने बताया कि पूरी कहानी छत्तीसगढ़ी संवाद से भरपूर है साथ ही फिल्म में लव स्टोरी और 5 गाने भी हैं। फिल्म का बजट तकरीबन 90 लाख के आसपास अनुमानित बताया गया साथ ही टीम ने बताया कि परंपरागत छत्तीसगढ़ी फिल्म की लीक से हटकर इस फिल्म के लिए काम करने के दौरान कुछ नयापन का एहसास हुआ। फिल्म के निर्माता निर्देशक दिव्यांश सिंह ने बताया कि वे मूलतः जांजगीर के निवासी हैं और इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद फोटोग्राफी से शुरुआत करते हुए छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कहानी फिल्मों से कुछ हटकर करने की सोच का परिणाम है यह फिल्म। इस दौरान फिल्म के पात्र शील वर्मा, विशाल सहित टीम मौजूद रहे।

## लाइफ स्टाइल



ट्रेंड मेंस फैशन का

साल 2025 तो आधे से ज्यादा बीत चुका है लेकिन मेंस फैशन में ट्रेंड की बात करें तो ढीले-ढाले ट्राउज़र्स, ओवरसाइज़्ड ब्लेज़र और मुलायम सी लहराती शर्ट्स की भरमार देखने को मिल रही है। यह ट्रेंड स्टाइल से समझौता किए बिना सहजता को प्राथमिकता दे रहा हैं। हल्के पेस्टल और न्यूट्रल रंग पहनावे पर छा गए हैं, जो वॉर्डरोब में एक नयापन और जीवंतता भर रहे हैं।

## त्वचा के काले धब्बों को न करें नजरअंदाज



आजकल बदलती जीवन-शैली और गलत आदतों के कारण त्वचा पर काले, भूरे, गुलाबी, ग्रे या लाल रंग के धब्बों की समस्या देखी जा रही है, जो अक्सर चेहरे, माथे और नाक पर अधिक दिखाई देते हैं। इनको मेलास्मा या हाइपरपिग्मेंटेशन भी कहा जाता है। अगर आपके चेहरे पर बार-बार काले धब्बे उभर रहे हैं तो इसे गंभीरता से लें, क्योंकि कई बार ये आपकी सुंदरता को नुकसान पहुंचा देते हैं। बेदाग चेहरे का नूर तो देखते ही बनता है, मगर इसे बरकरार रख पाना भी आसान नहीं है, क्योंकि कभी चेहरे पर मुंहासे हो जाते हैं तो कभी काले धब्बे। आजकल बदलती जीवन-शैली और गलत आदतों के कारण त्वचा पर काले, भूरे, गुलाबी, ग्रे या लाल रंग के धब्बों की समस्या देखी जा रही है, जो अक्सर चेहरे, माथे और नाक पर अधिक दिखाई देते हैं। इनको मेलास्मा या हाइपरपिग्मेंटेशन भी कहा जाता है।

### हाइपरपिग्मेंटेशन और मेलास्मा

हाइपरपिग्मेंटेशन त्वचा पर पड़ने वाले गहरे धब्बों को कहा जाता है। ये तब होते हैं, जब त्वचा में मेलेनिन नामक प्रोटीन की मात्रा बढ़ जाती है। इससे त्वचा का रंग गहरा और काला नजर आने लगता है, जिस कारण डार्क स्पॉट दिखने लगते हैं। इसी तरह मेलास्मा भी मेलेनिन के अधिक मात्रा में बनने के कारण होता है, जिसमें गालों पर और नाक के आस-पास काले, भूरे, गुलाबी धब्बे बन जाते हैं। कुछ महिलाओं के चेहरे पर इसके निशान छोटे होते हैं तो कुछ के चेहरे पर बड़े नजर आते हैं।

### क्या है वजह

ये अक्सर धूप में निकलने, उम्र बढ़ने, हार्मोन असंतुलन या त्वचा के आघात आदि से उत्पन्न हो सकते हैं। यह समस्या महिलाओं में अधिक देखी जाती है, क्योंकि वे जीवन में ढेर सारे हार्मोनल परिवर्तनों से गुजरती हैं, फिर चाहे वो उम्र बढ़ना हो, गर्भावस्था हो या रजोनिवृत्ति। ये बदलाव चेहरे पर धब्बे और पिग्मेंटेशन का कारण बनते हैं। वहीं फंगल संक्रमण भी चेहरे पर खुजली और काले धब्बे का एक आम कारण है। आज जंक फूड भी हमारी जीवन-शैली का अहम हिस्सा बन चुका है, जिसके अधिक सेवन से आंशिक लिवर फंक्शन की समस्या हो सकती है। इससे भी चेहरे का रंग बदलने लगता है। इसके अलावा बढ़ता वर्क लोड भी इसका एक महत्वपूर्ण कारक है।

## खूबसूरत और ट्रेंडी घाघरा लुक को बनाएंगे परफेक्ट





पितृपक्ष की समाप्ति के बाद नवरात्रि का स्वागत करने हम सब तैयार रहेंगे। ऐसे में फेस्टिवल लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए आप ट्रेंडी डिजाइन वाले घाघरा को वियर करें। अपनी पसंद को देखते हुए अभी से तैयारी कर लें। क्योंकि घाघरा पहनने के बाद आपका लुक काफी सुंदर दिखेगा। बस आपको इसे खरीदने से पहले डिजाइन का खास ध्यान रखना होगा।

सुंदर दिखना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए जब लुक को क्रिएट करने की बात आती है, तो हम अक्सर ट्रेंडी डिजाइन वाले कपड़ों को स्टाइल करते हैं। साथ ही, लुक को क्रिएटिव बनाते हैं। इस बार फेस्टिवल पर पहनने के लिए आप ट्रेंडी डिजाइन वाले घाघरा को स्टाइल कर सकती हैं। घाघरा में आपको अलग-अलग तरह के पैटर्न और कलर्स मिल जाएंगे। जिसे पहनकर आप अच्छी लगेंगी। आइए आपको बताते हैं घाघरा के लेटेस्ट डिजाइंस।

### गोटा पट्टी वर्क वाला घाघरा करें वियर

लुक को क्रिएटिव बनाने के लिए आप गोटा पट्टी घाघरा को वियर कर सकती हैं। इस तरह के घाघरा डिजाइंस पहनने के बाद लुक में चार चांद लगा देते हैं। इसमें आपको डबल शेड कलर मिलते हैं। साथ में गोटा पट्टी वर्क भी देखने को मिल जाता है। ऐसे में घाघरा पहनने के बाद अच्छा लगता है। आप भी इसे ट्राई करके लुक को अट्रैक्टिव और सुंदर बना सकती हैं। साथ ही, लुक को और भी ज्यादा अच्छे से क्रिएट कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह के घाघरा आपको 1,000 से 2,000 रुपये में मिल जाएंगे।

### घारचोला डिजाइन वाला घाघरा करें वियर

आप ट्रेडिशनल गुजराती लुक को क्रिएट करना चाहती हैं, तो ऐसे में आप घारचोला डिजाइन वाले घाघरा को वियर कर सकती हैं। इस तरह के घाघरा पहनने के बाद अच्छे लगेंगे।

## इन लोगों को गलती से भी नहीं करना चाहिए मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल



आपने अक्सर दादी-नानी को ये कहते सुना होगा कि त्वचा से संबंधी सभी परेशानियों को दूर करने में मुल्तानी मिट्टी आपकी मदद करेगी। ऐसा होता भी है। मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमान न सिर्फ त्वचा संबंधी परेशानियों में, बल्कि बालों की परेशानियां दूर करने के लिए भी किया जाता है। षये अपनी अब्जॉर्ब करने की क्षमता, पोषण तत्वों और शीतल प्रभाव के लिए जानी जाती है। इसी वजह से ज्यादार लोग बिना सोचे इसका इस्तेमाल चेहरे पर कर लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि मुल्तानी मिट्टी हर किसी के चेहरे के लिए फायदेमंद नहीं होती। भले ही मुल्तानी मिट्टी का उपयोग त्वचा की देखभाल के लिए करना बहुत आसान है, लेकिन कुछ लोगों को इसे लगाने से बचना चाहिए। यहां हम आपको ऐसे ही लोगों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन लोगों को त्वचा पर मिल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।


### रूखी त्वचा वाले लोग

अगर आपकी त्वचा पहले से ही रूखी है तो मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करने से बचें। दरअसल, मुल्तानी मिट्टी तेल और नमी को सोखने का काम करती है। इसलिए जिनकी त्वचा पहले से ही बहुत सूखी हो, उनके लिए इसका उपयोग त्वचा को और अधिक शुष्क कर सकता है। त्वचा की नमी कम होने के बाद आपकी कई परेशानियां बढ़ सकती हैं।

### संवेदनशील त्वचा वाले लोग

अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है तब भी आपको ध्यान रखने की जरूरत है। ऐसा इसलिए क्योंकि मुल्तानी मिट्टी में प्राकृतिक खनिज होते हैं, जो कुछ लोगों की संवेदनशील त्वचा पर जलन या एलर्जी का कारण बन सकते हैं। ऐसे में अगर इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो पहले पैच टेस्ट अवश्य करें।

## कमजोर हो गए नाखून तो अपनाएं घरेलू नुस्खे



जब बारिश लगातार होने लगती है, तो ये कई परेशानियां पैदा करने लगती है। इन परेशानियों में त्वचा और बाल संबंधी समस्याएं सबसे अहम हैं। ऐसे में बाल और त्वचा का ध्यान रखते-रखते हम अपने नाखूनों पर ध्यान देना भूल जाते हैं। जबकि बारिश की वजह से नाखून भी कमजोर होकर टूटने लगते हैं। अगर आपके नाखून भी लगातार हो रही बारिश की वजह से कमजोर हो गए हैं तो कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर आप इस परेशानी से छुटकारा दिला सकते हैं। यहां इस लेख में हम आपको नाखून मजबूत करने और इनका ध्यान रखने के लिए कुछ नुस्खे बताने जा रहे हैं।

### नारियल तेल से मालिश

अगर आपके नाखून कमजोर हो रहे हैं तो हर रोज रात को सोने से पहले नाखूनों पर गुनगुने नारियल तेल से हल्की मालिश करें। ये नाखूनों और उसके आसपास की त्वचा को पोषण देता है। इससे नाखून मजबूत होते हैं।

### नींबू और जैतून तेल

ये मिश्रण नाखूनों को मजबूती देता है और उन्हें चमकदार बनाता है। इसके इस्तेमाल के लिए 1 चम्मच जैतून तेल में कुछ बूंदें नींबू के रस की मिलाकर नाखूनों पर लगाएं।

### एप्पल साइडर विनेगर

नाखूनों की मजबूती बढ़ाने के लिए इसका इस्तेमाल आप कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए विनेगर को पानी में मिलाकर नाखूनों को 10-15 मिनट तक डुबोएं और फिर धो लें। एप्पल साइडर विनेगर में विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं जो नाखूनों को मजबूत करते हैं। इसका इस्तेमाल आप पैरों के नाखूनों को भी मजबूत बनाने के लिए कर सकते हैं।

### बादाम तेल

कमजोर नाखूनों के लिए हर रोज नाखूनों पर बादाम तेल से मालिश करें। बादाम तेल में विटामिन E होता है जो नाखूनों को मजबूत करने में मदद करता है।

## कार्नर न्यूज

### खुशियां मनाने के लिए अगर आउटफिट भी बेहतर हो तो लोग करेंगे तारीफ

## दिखाना है पारंपरिक अंदाज तो अभी से खरीद लें ऐसे आउटफिट

भारत को अक्सर त्यौहारों का देश कहा जाता है। अभी गणेश चतुर्थी गई है और अब आगे नवरात्रि, दशहरा और दीपावली का इंतजार है। इन त्यौहारों में अपना पारंपरिक अंदाज दिखाना चाहते हैं तो इन अभिनेताओं के लुक्स से टिप्स लेकर तैयार हों। यहां हम आपको ऐसे अभिनेताओं के लुक दिखाने जा रहे हैं, जो अक्सर एथनिक अवतार में नजर आते हैं।

### रितेश देशमुख का पहला लुक

हिंदू धर्म में पूजा के वक्त धोती-कुर्ता पहनने का रिवाज होता है। ऐसे में आप रितेश के इस लुक से टिप्स लेकर अपने लिए इस तरह का धोती-कुर्ता तैयार करा सकते हैं। ये आपको स्टाइलिश दिखने के साथ पारंपरिक लुक भी देगा।

### दूसरा लुक

इस तरह का ऑरेंज रंग का वर्क वाला कुर्ता भी आप नवरात्रि उत्सव में कैरी कर सकते हैं। इस कुर्ता लुक में चार चांद लगाने के लिए सफेद रंग की पायजामी पहनें, तभी इसका रंग खिल कर सामने आएगा।



### ऋत्विक धनजानी का पहला लुक

ऋत्विक धनजानी हर साल मां शक्ति की उपासना करते हैं। ऐसे में आप उनके इस लुक से टिप्स ले सकते हैं। पूजा के वक्त ऐसा आउटफिट आपको पारंपरिक टच देने का काम करेगा। इसके साथ चाहें तो ढीला पायजामा पहनें ताकि आपको कोई परेशानी न हो।

### दूसरा लुक

नीले रंग का ऐसा मिरर वर्क वाला कुर्ता आपको स्टाइलिश लुक देने का काम करेगा। ऐसे में अगर आप कुछ सिंपल लुक कैरी करना चाहते हैं तो ऋत्विक धनजानी के इस लुक से टिप्स लें और अपना स्टाइलिश अंदाज दिखाएं।

### करण वाही का पहला लुक

अगर चाहें तो करण वाही के इस कुर्ता लुक से टिप्स लेकर आप अपना आउटफिट तैयार करा सकते हैं। लाल रंग वैसे भी पूजा में पहनना काफी शुभ माना जाता है। ऐसे में आप इस तरह का कुर्ता और पायजामा भी नवरात्रि उत्सव में पहन सकते हैं।

### दूसरा लुक

सफेद रंग के कुर्ते और चूड़ीदार पायजामी के साथ अगर आप इस तरह की हाफ जैकेट पहनेंगे तो भी आपका लुक काफी स्टाइलिश दिखेगा। इस लुक के साथ पैरों में मोजरी ही पहनें। ताकि आपका लुक पूरी तरह से पारंपरिक लगे।

